


दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak




वर्ष: 3 | अंक: 89 जयपुर, शुक्रवार, 08 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


## जरूरी खबर

### 16वीं विधानसभा के प्रथम अधिवेशन का सत्रावसान



**जयपुर।** 16वीं राजस्थान विधानसभा के प्रथम अधिवेशन का गुरुवार को सत्रावसान किया गया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि नए सत्र के आने पर विधायकों को फिर से प्रश्न पूछने का मौका भी मिल जाता है। अब आने वाले बजट सत्र में प्रत्येक विधायक निर्धारित 40 तारांकित और 60 अतारांकित प्रश्न पूछ सकते हैं। अब प्रत्येक विधायक प्रत्येक सप्ताह में एक अंतःसत्र कालीन अतारांकित प्रश्न पूछ सकता है। ऐसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सरकार को 30 दिवस की अवधि में सीधा सदस्य को अवश्य भेजना होगा और उत्तर की एक प्रति विधानसभा को भेजनी होगी। देवनानी ने बताया कि इससे लोक महत्व के विषय पर विधायक नए सिरे से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लोकतंत्र में आमजन की समस्याओं के निराकरण इससे बड़ी मदद मिलती है।

### राज्यपाल सीएम ने दी शुभकामनाएं
### महाशिवरात्रि और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आज

**जयपुर।** प्रदेशभर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाशिवरात्रि और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि शिव का अर्थ ही है कल्याण और आनंद। महाशिवरात्रि परमपिता परमेश्वर शिव और जगत जननी माता पार्वती के विवाह का पावन पर्व है। यह भारतीय संस्कृति का अनूठा उत्सव है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाएं आज जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता के नए कीर्तिमान रच रही हैं।

## ये भी देखें...


महिला दिवस पर विशेष पेज-5

महाशिवरात्रि पर विशेष पेज-6


### लोकसभा चुनाव के पहले केंद्रीय कर्मचारियों को मोदी सरकार का तोहफा

# महंगाई भत्ते में 4 फीसदी का इजाफा, HRA भी मिलेगा ज्यादा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता बढ़ाते हुए राहत दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों व पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है।

सरकार के इस फैसले से एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों व पेंशनभोगियों को फायदा पहुंचेगा। सरकार के इस फैसले के बाद अब केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़कर 50 फीसदी हो गया है। महंगाई भत्ता 1 जनवरी, 2024 से लागू होगा।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने 1 जनवरी, 2024 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त को जारी करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) की किस्त जारी की जाएगी।

### खजाने पर 12,869 करोड़ रुपए का सालाना का बोझ

महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ाने के बाद सरकारी खजाने पर कुल 12,869 करोड़ रुपए सालाना का बोझ पड़ेगा। साल 2024-25 के दौरान कुल बोझ 15,014 करोड़ रुपए आएगा। डीए में बढ़ोतरी के साथ परिवहन भत्ता, कैंटीन भत्ता और प्रतिनियुक्ति भत्ता समेत अन्य भत्तों में भी 25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। मकान किराया भत्ता मूल वेतन के 27 फीसदी, 19 फीसदी और नौ फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी, 20 फीसदी और 10 फीसदी कर दिया गया है। वहीं, ग्रेच्युटी अब 20 लाख से बढ़कर 25 लाख हो जाएगी।

### उज्ज्वला योजना की सब्सिडी एक साल और मिलेगी

केंद्र सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी की समय सीमा को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत दी जाने वाली 300 रुपए की सब्सिडी की समय सीमा को 31 मार्च, 2025 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। गोयल ने बताया कि कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाती है, जिसकी अवधि 31 मार्च 2024 तक तक थी उसे 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। अब 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी का लाभ एक वर्ष में 12 सिलेंडर की सीमा तक 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा।



### डॉक्टर और उसकी पत्नी के साथ माता-पिता के खिलाफ भी दर्ज किया आय से अधिक संपत्ति का मामला


# SMS अस्पताल के डॉक्टर पर ACB की छापेमारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में एसीबी ने गुरुवार को बड़े स्तर पर छापे मारे हैं। सवाई मानसिंह अस्पताल के डॉक्टर रंजन लांबा के घर और हॉस्पिटल पर एसीबी ने छापेमारी की गई। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे जांच एजेंसी की टीमें डॉ. रंजन के जयपुर, झुंझुनूं और सीकर स्थित हॉस्पिटल-घर पर पहुंची। एसीबी के डीजी राजीव शर्मा को डॉ. रंजन लांबा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली थी।

इस पर एसीबी इंजेलिजेंस से जांच करवाई गई। एसीबी की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए। इसके बाद डॉक्टर के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति होने का मामला दर्ज किया गया। प्रकरण दर्ज होने के बाद कोर्ट से अनुमति लेकर कार्रवाई शुरू की गई। डॉक्टर के जयपुर, झुंझुनूं और सीकर स्थित अस्पताल और घर पर एसीबी की टीमें सर्च कर रही हैं। एसीबी की कार्रवाई से चिकित्सा महकमे में भी हड़कंप मच गया है। कार्रवाई पूरी होने के बाद कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं।

### डॉक्टर की 14 साल की आय से 114 फीसदी ज्यादा मिली संपत्तियां




### एसीबी ने पहली दफा माता-पिता को बनाया आरोपी

एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पहली दफा आरोपी के माता-पिता को भी नामजद किया है। सर्च के दौरान रंजन लांबा, पत्नी सुनीता लांबा, पिता रामनिवास लांबा और माता माली देवी के पास करोड़ों रुपए की संपत्तियां मिली हैं। जो आय से 114 फीसदी ज्यादा है। सर्च के दौरान बैंक लॉकर, इंवेस्टमेंट व प्रॉपर्टियों के दस्तावेज मिले हैं। एसीबी ने चारों जनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। एसीबी की जांच सामने आया कि आरोपी सुनीता लांबा भी चिकित्सा महकमे में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी, लेकिन कुछ माह बाद में ही रिटायरमेंट ले लिया था।

### एसीबी अभी भी कर रही है पड़ताल



एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी रंजन लांबा की नियुक्ति चिकित्सा अधिकारी के पद पर वर्ष 2010 में हुई थी। इससे पहले रंजन लांबा व उसके परिजनों की आय 37.53 लाख रुपए से ज्यादा थी। जांच में सामने आया कि अब तक की अर्जित संपत्तियों की कीमत करीब 18.21 करोड़ रुपए से ज्यादा है, जबकि इस अवधि में खर्चा करीब 1.96 करोड़ रुपए हुआ है। यानी अर्जित आय 17.83 करोड़ रुपए है, जबकि वर्ष 2010 से अब तक रंजन लांबा व उसके परिजनों की वैध आय 9.25 करोड़ रुपए की है। करीब 10.54 करोड़ रुपए की आय अर्जित आय से ज्यादा मिली है। यानी इस अवधी में रंजन लांबा व उसके परिजनों की आय से 114 फीसदी ज्यादा संपत्तियां मिली है। एसीबी संपत्तियों की जांच पड़ताल कर रही है।

### RPSC पेपर लीक केस में ED का एक्शन

# सुरेश ढाका और भूपेंद्र सारण की प्रॉपर्टी सीज

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक माफिया पर एसओजी के बाद अब ईडी ने भी सख्ती शुरू कर दी है। राजस्थान लोकसेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार भूपेंद्र सारण और फरार सुरेश ढाका की संपत्ति को जब्त कर अब ईडी ने अपने कब्जे में ले लिया है। इन संपत्तियों पर ईडी ने बाकायदा कब्जे के बोर्ड भी लगाए हैं। ईडी के अधिकारी गुरुवार को जयपुर में वैशाली नगर, बगरू और हीरापुरा पावर हाउस के पास कुछ लोकेशंस पर पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने बगरू की मैसर्स जीबी प्राइम स्टील इंडस्ट्रीज को जब्त कर बोर्ड लगाया है। यह फैक्ट्री प्लाट नंबर G-157 पर है। यह संपत्ति इलची सारण और इंदुबाला सारण के नाम पर है, जो पेपर लीक के आरोपी भूपेंद्र सारण की रिश्तेदार हैं। इसके साथ ही वैशाली नगर की आशापूर्णा एम्पायर में स्थित सुरेश ढाका के 1538 स्क्वायर फीट के आलिशान फ्लैट को भी ईडी ने जब्त कर लिया है। यहां ईडी ने छापेमारी भी की थी। इसके साथ ही रजनी विहार के मकान नंबर 67-C पर भी ईडी ने बोर्ड लगाए हैं।



भूपेंद्र सारण सुरेश ढाका

### सुरेश ढाका पर एक लाख का इनाम

रीट और वरिष्ठ अध्यापक भर्ती का पेपर लीक करने में सुरेश ढाका की मुख्य भूमिका था। ढाका ने अनिल कुमार मीणा उर्फ शेर सिंह से पेपर खरीदा और फिर अपने सहयोगी भूपेंद्र सारण और सुरेश विश्नोई के जरिए दर्जनों अभ्यर्थियों को 10-10 लाख रुपए में बेच कर करोड़ों रुपए कमाए थे। पेपर लीक का आरोपी सुरेश ढाका पिछले एक साल से फरार है। पुलिस ने सुरेश ढाका पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। इसके बावजूद भी ढाका अभी तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है। जबकि अन्य आरोपी भूपेंद्र सारण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल वह जेल में है। सरकार ने उनके जयपुर स्थित मकान पर बुलडोजर चला दिया था।

### जब्त की थी 3.11 करोड़ की संपत्ति

शिक्षक भर्ती परीक्षा के आरोपी भूपेंद्र सारण, बाबूलाल कटारा और मास्टरमाइंड सुरेश ढाका की 3.11 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की थी। ईडी ने 18 अगस्त, 2023 को इस कार्रवाई को अंजाम दिया था। अब कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन संपत्तियों का कब्जा ईडी ने अपने हाथ में लेते हुए इन संपत्तियों पर बोर्ड लगाए हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भजन सरकार की सौगात

# गुड न्यूज: रोडवेज में महिलाएं कर सकेंगी आज फ्री यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को तोहफा दिया है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को महिलाएं और बालिकाएं रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। निशुल्क यात्रा राजस्थान के भौगोलिक सीमा तक मान्य होगी। इसके अलावा यह निशुल्क सेवा वातानुकूलित, वोल्वों एवं अखिल भारतीय अनुज्ञा पत्रों पर संचालित बसों पर देय नहीं होगी। जारी आदेश के अनुसार एक दिवस का तात्पर्य कलेंडर दिवस 8 मार्च को 12 बजे रात्रि 23: 59 तक होगा। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि महिलाएं और बालिकाएं रोडवेज की समस्त साधारण और द्रुतगामी (एक्सप्रेस) बसों (वातानुकूलित और वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में निशुल्क यात्रा कर सकेंगी।



### मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

# CBI की सात शहरों में छापेमारी... वीजा एजेंटों, फर्मों के खिलाफ एक्शन

- भारतीयों की अवैध तस्करी में शामिल नेटवर्क का किया पर्दाफाश
- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, अंबाला, चंडीगढ़ और मदुरै में रेड
- अधिक सैलरी के नाम पर दिया जा रहा था धोखा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रूस में नौकरी दिलाने के नाम पर भारतीयों की अवैध तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने देश में भारतीयों की अवैध तस्करी में शामिल एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है और एक साथ देश के सात शहरों में दस से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की गई। ये छापे इस तस्करी के कारोबार में शामिल एजेंटों और कंपनियों पर किए गए थे। जिन शहरों में छापेमारी हुई उनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, अंबाला, चंडीगढ़ और मदुरै शामिल हैं।




### दुबई के शख्स के शामिल होने का खुलासा

सीबीआई जांच में दुबई के रहने वाले फैसल खान नाम के एक शख्स की संलिप्तता का पता चला है। बताया जा रहा कि आरोपी को बाबा के नाम से भी जाना जाता है। फैसल खान बाबा व्लॉग्स नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाता है। ये एक्शन तब हो रहा जब यूक्रेन युद्ध में लड़ने के लिए बहला-फुसलाकर ले जाए गए हैदराबाद के एक व्यक्ति की रूस में मौत हो गई। इसके अतिरिक्त पंजाब और हरियाणा के सात लोग पर्यटकों के रूप में रूस गए थे, उन्हें धोखे से यूक्रेन जंग में हिस्सा लेने के लिए भेज दिया गया था।

### धोखे से युद्ध में भेजा

हैदराबाद के 30 वर्षीय युवक मोहम्मद अफसान को धोखे से रूस-यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में भेजा गया। इसमें उसकी मौत हो गई। इस शख्स के मारे जाने के एक दिन बाद ही सीबीआई ने जांच को तेज कर दिया है। इसमें वीजा एजेंट्स के छापेमारी की गई। बताया जा रहा कि मोहम्मद अफसान को कथित तौर पर रूसी सेना में शामिल होने के लिए धोखे से भेजा गया और फिर यूक्रेन के साथ वॉर जोन भेज दिया गया।

### CBI ने दर्ज की FIR

यह सूचना सामने आने के एक दिन बाद कि यूक्रेन के खिलाफ रूस की जंग में धोखे से हैदराबाद गए एक व्यक्ति की मौत हो गई। सीबीआई ने गुरुवार को एक मामला दर्ज किया। इसी के बाद देश में भारतीयों की तस्करी में शामिल एजेंटों और फर्मों पर सात शहरों में छापेमारी शुरू कर दी। ऐसा माना जाता है कि लगभग दो दर्जन भारतीयों को ज्यादा सैलरी वाली नौकरी पाने के बहाने धोखा देकर रूस में युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया था।

## जरूरी खबर

### काश्तकारों को पहुंचाएं योजनाओं का त्वरित लाभ



**बेधड़क.जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन में गुरुवार को विभागीय योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गालरिया ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को क्रियान्वयन की गति बढ़ाकर काश्तकारों को त्वरित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। वैभव गालरिया ने कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग में अधिकतर योजनाएं केंद्र प्रवर्तित है, जिनमें केन्द्र व राज्य सरकार का विभिन्न अनुपातों में शेयर होता है।

### लेखाकार संयुक्त भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से 11 फरवरी को आयोजित कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व लेखाकार संयुक्त सीधी भर्ती-2023 का मास्टर प्रश्न पत्र तथा इसकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजी बोर्ड की वेवसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र में सम्मिलित किसी अथवा इनके उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 12 मार्च मध्य रात्री 1 से 14 मार्च मध्य रात्रि तक अपनी ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। बोर्ड सचिव डॉ. बी.सी. बधाल ने बताया कि परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए गये मास्टर प्रश्न पत्र की प्रश्न संख्या व उत्तर के विकल्पों के क्रम के आधार पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज करें।

### केंद्रीय मंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बेधड़क.जयपुर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव व वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने सर्किट हाउस में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण के लिए पौधारोपण करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ होगा तो वातावरण भी स्वस्थ होगा। उन्होंने कहा कि संजय शर्मा के द्वारा प्रतिदिन एक पौधा लगाने का लिया गया संकल्प अनुकरणीय है। वन एवं पर्यावरण मंत्री पद पर रहते हुए अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन कर रहे हैं। इसके बाद यादव और शर्मा ने एकलिंग महादेव मंदिर में पहुंचे और शिव महापुराण कथा में शामिल हुए।

---

डिप्टी सीएम बैरवा ने महाविद्यालय भवन के उद्घाटन समारोह में कहा...

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में निभाएं भागीदारी

**बेधड़क | जयपुर**

डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को बीकानेर के दौरे पर रहे। बैरवा ने बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट की ओर से श्रीडूंगरगढ़ में नवनिर्मित राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय के भवन का लोकार्पण किया।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल भी इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे। बैरवा ने भामाशाह पारख परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य न केवल समाज के विकास में भामाशाहों की प्रतिबद्धता दिखाते हैं, बल्कि इससे व्यक्तियों की अपनी जड़ों और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता भी प्रकट होती है। उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूती देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। यहां आवश्यकतानुसार स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा। बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। हम सब अपने देश को विकसित बनाने में भागीदारी का संकल्प लें।



### अपनी मिट्टी की सुगंध को कभी नहीं भूलें

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट व पारख परिवार ने परोपकार की मरु संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। बाहर व्यापार करने के बावजूद वे इस क्षेत्र के विकास में सदैव तत्पर रहे। कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण इस क्षेत्र की बालिकाओं के शैक्षिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का जो नारा दिया है, पारख परिवार जैसे भामाशाह सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर विकास के इस संकल्प को सिद्ध कर रहे हैं। कन्या महाविद्यालय के लिए निर्मित भवन इस क्षेत्र की बालिकाओं के उज्जवल भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगा।

### स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

समारोह में श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि विद्या का दान सर्वश्रेष्ठ है। शिक्षा व्यक्ति के जीवन का अंधेरा दूर करती है। इस कालेज भवन का निर्माण होने से क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा का नया उजियारा मिलेगा। यह पहल क्षेत्र के और भामाशाहों को भी समाजसेवा की प्रेरणा देगी। उन्होंने इस महाविद्यालय के और विकास का भरोसा दिलाया। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि कहा मरुधर संतों की भूमि है। परोपकार यहां के लोगों के जीवन का मूल भाव है। यह जीवटता यहां के लोगों के स्वभाव से भी प्रकट होती है। उन्होंने कहा कि यहां के शिक्षक और निवासी इस महाविद्यालय को और प्रगति की तरफ अग्रसर करने में योगदान दें।

### समाज के प्रति कृतज्ञता जताई

जीव जतन जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष जतनलाल पारख ने कहा कि समाज ने उनके परिवार को जो सम्मान दिया है, ज्ञान की देवी के इस मंदिर निर्माण के माध्यम से उन्होंने समाज के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए अपने धर्म का निर्वहन करने का प्रयास किया है। इस दौरान नगरपालिका चैयरमैन मानमल शर्मा, पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, प्राचार्य डॉ नंदिता सिंघवी, कॉलेज प्राचार्य इंदिरा गोस्वामी, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर पारीक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

सीएम ने किया 'रेट्रोफिटिंग ऑफ बूंदी क्लस्टर' का लोकार्पण

# पानी की नहीं रहेगी कोई कमी... समय पर पूरी होंगी परियोजनाएं

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में जल की महत्ता अमृत से कम नहीं है। इसी महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए और आमजन को जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार मिशन मोड पर कार्य कर रही है।

प्रदेश के प्रत्येक गांव-ढाणी और कस्बे को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री गुरुवार को जयपुर स्थित ओटीएस निवास से कृषि उपज मंडी समिति, बूंदी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 76.69 करोड़ रुपए की लागत से रेट्रोफिटिंग ऑफ बूंदी क्लस्टर वृहद परियोजना (विस्तार चंबल भीलवाड़ा परियोजना) के लोकार्पण समारोह को वर्चुअली सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान सीएम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की प्यास बुझाने के लिए राज्य सरकार हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने जल आपूर्ति की मूलभूत आवश्यकता को अपनी नीतियों एवं कार्यक्रमों के केन्द्र में रखा है और इस परिप्रेक्ष्य में समन्वित हो धरातल पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने जल परियोजनाओं को अटकाने और लटकाने का कार्य किया था। हमने सरकार बनते ही केवल डेढ़ महीने में ही एकीकृत ईआरसीपी पर मध्यप्रदेश एवं केन्द्र सरकार के साथ एमओयू साइन कर इसे क्रियान्वित करने का भागीरथी काम किया है। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के 21 जिलों में लोगों की प्यास बुझाएगी। साथ ही, हमारी सरकार ने शेखावाटी अंचल के जिलों को पानी उपलब्ध कराने के लिए यमुना जल समझौता भी लागू किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 8 करोड़ जनता के घर, खेत और दुकान तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचाने के लिए सरकार के भागीरथी प्रयास अनवरत जारी रहेंगे। राज्य सरकार इसके लिए धन की कोई कमी नहीं रखेगी।




### बूंदी में 68 हजार और भीलवाड़ा में 2 लाख घरों तक पहुंचा पानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र और राज्य सरकार जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेशवासियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। आज जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बूंदी के 35 गांव और 47 ढाणियों को हर घर नल की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि बूंदी जिले में 68 हजार घरों को वर्तमान में पानी की आपूर्ति की जा रही है। वहीं जिले के 74 गांवों में नल से जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसी तरह से भीलवाड़ा में 2 लाख घरों तक पानी पहुंचाया गया है। वहीं भीलवाड़ा के 88 गांवों को शत-प्रतिशत नल से जल उपलब्ध हो चुका हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि रेट्रोफिटिंग ऑफ बूंदी क्लस्टर वृहद परियोजना के अन्तर्गत 9 हजार 227 घरेलु कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं।

### अप्रैल में पूरा होगा नवनेरा बैराज का कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती कालीसिंध चम्बल परियोजना के मुख्य घटक नवनेरा बैराज का कार्य एक महीने में पूरा कर इसमें जल संग्रहण का कार्य शुरू हो जाएगा। कालीसिंध नदी पर 226 मिलियन क्यूबिक मीटर के इस बैराज पर तीन गेटों का निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। नवनेरा बैराज के पूर्ण होने पर संशोधित पार्वती कालीसिंध परियोजना का कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा। इससे 54 मिलियन क्यूबिक मीटर जल कोटा एवं बूंदी जिले के 6 शहरी क्षेत्रों एवं 750 गांवां को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 शुरू किया है। इसके लिए लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है।

---

डिप्टी सीएम का बालिकाओं को तोहफा

# 250 करोड़ रुपए से स्कूलों में बनेंगे भवन, मिलेंगी सुविधाएं

**बेधड़क | जयपुर**

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार एक से बढ़कर एक सौगातें दे रही है, ताकि सभी बालिकाओं के लिए शिक्षा के बेहतर अवसर सुलभ हों।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के राजकीय शिक्षण संस्थानों में बालिकाओं के लिए शिक्षा और शिक्षण का बेहतर वातावरण तैयार किया जाना बहुत आवश्यक है। इसके लिए राजकीय शिक्षण संस्थानों में भवनों की मरम्मत, कक्षा-कक्ष निर्माण एवं बालिका शौचालय के निर्माण तथा विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन, मरम्मत व रखरखाव के लिए 250 करोड रुपए राशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की बालिकाओं को संबल प्रदान करना तथा उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना एवं इसके लिए उचित वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की मंशा है।



आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों की छात्र-छात्राएं विद्यालयों में हीन भावना से ग्रसित न हों तथा उन्हें शिक्षा के लिए आवश्यक स्कूल बैग, किताबें, यूनिफॉर्म उपलब्ध हो सके, इस दृष्टि से राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के समस्त विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक पढ़ने वाली समस्त छात्राओं को आगामी शैक्षणिक वर्ष से प्रति विद्यार्थी एक हजार रुपए दिया जाएगा। इसके लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे लगभग 70 लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

---

युवा मित्रों ने किया अर्द्धनग्न प्रदर्शन

# म्हारे पेट पर लात मत मारो सरकार...

**बेधड़क | जयपुर**

युवा मित्रों का शहीद स्मारक पर अनिश्चितकालीन धरना के 61 वें दिन गुरुवार को अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा मित्रों ने सरकार से गुहार लगाई की उनके पेट पर लात न मारी जाए।

सरकार राजीव गांधी की बजाय नाम परिवर्तित कर अटल युवा मित्र कर दे, लेकिन रोजगार छीन कर 5 हजार युवा मित्रों के परिवार के पेट पर लात ना मारें। धरनार्थियों ने जल्द से जल्द पुनः बहाली कर रोजगार लौटाने की पूरजोर मांग उठाई। इसको लेकर नारेबाजी भी की गई। युवा मित्र संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि हमने सभा कर सभी जिलाध्यक्षों की सहमति से निर्णय लिया है कि सरकार जब तक हमे बहाल नहीं कर देती है तब तक हम अपनी गतिविधियों को निरंतर जारी रखेंगे।



उन्होंने कहा कि हम केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बहुत ही बेहतरीन तरीके से प्रदेश की जनता को लाभ दिलवा सकते है। अतः सरकार जल्द से जल्द हमें बहाल कर सेवा का मौका प्रदान करें। इस दौरान अध्यक्ष संजय मीणा, महासचिव जितेंद्र गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंसदास कामड़, सचिव रामचंद्र नायक, संतोष सुथार, नैना मीणा सहित हजारों की संख्या में युवा मित्र उपस्थित रहें।

---

महाशिवरात्रि पर्व आजः इस बार भी बंद रहेगा रत्नेश्वर महादेव मंदिर

# काशीनाथ की भक्ति में लीन रहेगी छोटीकाशी

**बेधड़क | जयपुर**

छोटीकाशी में गुरुवार को महाशिवरात्री पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान काशीनाथ की भक्ति में शहरवासी लीन रहेंगे। इस मौके पर शहर के छोटे-बड़े सभी शिव मंदिरों में भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक सहित कई आयोजन होंगे।

श्रद्धालु दूध, गंगाजल, आंक-धतूरा, बिल्वपत्र आदि अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे। शहर के ताड़केश्वर नाथ महादवे मंदिर, झारखंड महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव सहित गली-मोहल्लों और बाहरी कॉलोनियों के शिव मंदिरों में भक्तों की आस्था उमड़ी नजर आएगी। महाशिवरात्रि के मौके पर ब्रह्मपुरी में गेटोर की छतरियों में स्थित गेटेश्वर महादेव में भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें शहर के अनेक कलाकार भोलेनाथ को भजनों से रिझाएंगे।



रत्नेश्वर महादेव

वहीं मोतीडूंगरी स्थित नवरत्नेश्वर (एकलिंगेश्वर) महादेव मंदिर इस बार भी बंद रहेगा। कोरोना काल से अब तक यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए नहीं खोला गया है। गौरतलब है कि नवरत्नेश्वर महादेव मंदिर केवल शिवरात्रि पर ही भक्तों के लिए खोला जाता था। इस बार भी मंदिर बंद रहने से भोलेनाथ के दर्शन की आस अधूरी ही रहेगी।

---

थम नहीं रहा विरोध

# केंद्रीय मंत्री शेखावत के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

■ पहली लिस्ट में आने के साथ ही गजेंद्र सिंह शेखावत का शुरू हुआ विरोध अब ओर तेज

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की पहली लिस्ट की घोषणा के बाद शेरगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शेखावत का विरोध थम नहीं रहा है। गुरुवार को गजेंद्र सिंह शेखावत के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए।

साथ ही, स्थानीय विधायक बाबूसिंह राठौड़ भी शेखावत के कार्यक्रमों से नदारद रहे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की रणभेरी बजने से पहले ही बीजेपी में टिकट को लेकर बवाल चल रहा है। भाजपा ने जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। शेखावत चुनाव की तेयारियों में जुट भी गए हैं, लेकिन कई इलाकों में उनका विरोध जारी है। गुरुवार को शेखावत के दौरे के दौरान स्थानीय विधायक बाबूसिंह राठौड नदारद थे। इलाकों में गजेंद्र सिंह शेखावत अकेले ही लोगों के बीच गए, जहां उनका सम्मान और स्वागत हुआ। वहीं शेरगढ में शेखावत के विरोध में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाकर यह जता दिया कि अभी बाबूसिंह राठौड़ और उनके बीच रिश्ते सामान्य नहीं हैं। बता दें कि हाल ही में विधायक बाबूसिंह ने शेखावत के खिलाफ उनकी कार्यशैली को लेकर मोर्चा खोला था। इसके बाद सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मंत्री के सामने नारेबाजी की थी। अब एक बार फिर 'मोदी तुझसे बैर नहीं शेखावत की खैर' नहीं जैसे नारे शेरगढ में सुनाई दिए हैं।





### कार्यकर्ताओं से मिले बिना निकले तो जताया रोष

तीसरी बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार गुरुवार गजेंद्र सिंह शेखावत शेरगढ़ के दौरे पर थे। यहां पर शेरगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वे उनके स्वागत के लिए रुके थे, उनको अपनी पानी की समस्या बताते लेकिन वे बिना रूके सीधे निकल गए। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने मुख्य सड़क पर नारेबाजी की। केंद्रीय मंत्री ने बालसेर स्थिति पूर्व सैनिकों के अस्पताल को एंबुलेंस दिलवाई जो एयू बैंक द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने बालेसर में जनसंपर्क भी किया। इससे पहले शेखावत सीधे शेखाला गए थे, जहां पर उन्होंने देवल पर जाकर पूजा-अर्चना की।

### कार्यक्रमों में भी दिखी विरोध की लहर

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत के खिलाफ शेरगढ़ में कार्यकर्ताओं ने उनके विरोध में नारे लगाए। इसका असर शाम को बड़े स्तर पर देखने को मिला। शेखावत के शाम को कार्यक्रम में जोरदार विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। कई जगहों पर विरोध करने वाले और शेखावत के समर्थक आमने-सामने भी हो गए। भालू गांव में सभा के दौरान जब शेखावत ने अपने द्वारा करवाए गए काम गिनाने शुरू किए तो लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। सभा के दौरान मोदी तुझ से बैर नहीं शेखावत की खैर नहीं नारे लगे।

कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम आए 'सच बेधड़क' कार्यालय में...

# विकसित भारत का सपना जरूर होगा साकार: आचार्य प्रमोद

## एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा- कल्कि धाम से दुनिया में फहराएगी धर्म पताका

बेधड़क । जयपुर

'सच बेधड़क' के कार्यालय में गुरुवार का दिन शुभ घड़ी लेकर आया। यह मौका रहा कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के मंगलमय आगमन का। आचार्य के आगमन की सूचना पर सभी पलक पांवड़े बिछाए। कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जब चैनल के मुख्य द्वार पहुंचे और ढोल ढमाके के साथ उनका स्वागत हुआ। 'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने स्वामी प्रमोद कृष्णम का फूलों से अभिनंदन किया।

चैनल के न्यूज फ्लोर पर चैनल परिवार ने विनायक शर्मा के साथ आचार्य का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया। इस दौरान विनायक शर्मा ने आचार्य प्रमोद कृष्णम को पूरे कार्यालय का विजिट कराया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने 'सच बेधड़क' की कार्यशैली और फाउंडर विनायक शर्मा के जोश और जुनून की दिल से तारीफ की। विनायक शर्मा और आचार्य प्रमोद कृष्णम के बीच आध्यात्मिक बिंदुओं पर भी मंथन हुआ। आचार्य ने इस दौरान विनायक शर्मा की जर्नी देखकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भी दिया।










### राम के बिना देश की कल्पना और विकास परे

इस दौरान सच बेधडक के विशेष संवाददाता लालसिंह फौजदार ने आचार्य प्रमोद कृष्णन और सच बेधड़क के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा से बात की। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पीएम मोदी के विकसित भारत का सपना जल्द साकार होगा। उन्होंने कहा की राम के बिना देश की कल्पना और विकास परे है। इसलिए राम सबके हैं।

### स्वामी जी के आगमन से हुए धन्य

'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने कहा कि स्वामी जी के यहां आने से हम सब धन्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के सान्निध्य में कल्कि धाम की नींव रखी जाना हम सबके लिए गौरवशाली है। इससे देश दुनिया में सनातन की धर्म पताका फहराएगी।

---

## जरूरी खबर

### मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का शिलान्यास



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जेईसीआरसी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अच्छी मेडिकल सुविधाएं इस समय की अहम जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जेईसीआरसी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा आमजन को उपलब्ध कराएगा और इसी तरह अग्रणी राजस्थान की जो कल्पना है वो पूरी हो सकेगी। कार्यक्रम की खास बात रही कि जेईसीआरसी के प्रत्येक 1200 कर्मचारियों ने ईंटों पर अपना नाम लिखकर जेईसीआरसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की नींव रखी। चेयरमैन ओपी अग्रवाल ने कहा कि 'सर्विस विद अ स्माइल' उद्देश्य के साथ हम आम जन तक अपनी स्वास्थ्य सेवाएं देंगे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

---

कैलेंडर में पहली बार समाहित हुए वीर-वीरांगनाओं और महापुरुषों के चित्र

# महापुरुष समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत: विधानसभा अध्यक्ष

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान विधानसभा द्वारा प्रकाशित इस वर्ष के कैलेंडर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर कई प्रेरणास्पद नवाचार किए जा रहे हैं। इनमें इस वर्ष के कैलेंडर में प्रदेश के वीर वीरांगनाओं और महापुरुषों के चित्रों को समाहित किया जाना भी है। विधानसभा द्वारा प्रकाशित कैलेंडर को नया स्वरूप दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि कैलेंडर में वीर-वीरांगनाओं और महापुरुषों के चित्रों को समाहित करने से लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के कैलेंडर में भारत माता, सम्राट पृथ्वीराज चौहान, रानी लक्ष्मी बाई, महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद, रवीन्द्र नाथ टैगोर और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों को समाहित किया गया है। विधानसभा द्वारा टेबल और वॉल कैलेंडर का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रकाशन किया गया है।



### महाशिवरात्रि पर्व पर दी शुभकामनाएं

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा है कि महाशिवरात्रि पर्व पूरे भारत में मनाए जाने वाला प्रमुख त्योहार है। इस पर्व को उल्लास, उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाएं। इस पर्व पर जीवन में धैर्य के साथ कर्तव्यों के निर्वहन और समाज व राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लें।

### राजस्थान बने देश का गौरव

देवनानी ने बताया कि राजस्थान देश का गौरव बने, यही हमारा ध्येय है। इस ध्येय की पूर्ति के लिए प्रदेश में अनवरत प्रयत्न जारी है और यह निरंतर जारी रहेंगे। राजस्थान के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए नवाचार किए गए हैं। समाज के प्रेरणास्रोत प्रदेश के वीरों-वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सैनानियों और महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कराने के लिए वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। ऐसे प्रकाशन छोटे प्रयास हैं, लेकिन महत्वपूर्ण होते हैं। ये प्रयास चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए युवा पीढी में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को पुष्पांजलि अर्पित

राजस्थान विधानसभा में पूर्व अध्यक्ष महारावल लक्ष्मण सिंह को उनकी जयंती पर विधायक रविंद्र सिंह भाटी, पूर्व विधायक नवरंग सिंह और विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### महिला दिवस पर शुभकामनाएं



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। देवनानी ने कहा है कि महिलाओं की तरक्की में प्रदेश सहभागी बन रहा है। महिलाओं के लिए आवश्यक संसाधनों में निवेश करके महिलाओं की उन्नति के नए मार्ग प्रशस्त किए जा सकते हैं। महिलाओं की उन्नति पर राष्ट्र की उन्नति निर्भर करती है। महिलाओं की क्षमताओं को समझकर और उन्हें आगे रखकर हम खुशहाल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। मानसिकता में बदलाव के साथ महिलाओं का पारिवारिक, सामाजिक और वित्तीय सशक्तीकरण करके विकास को नई गति प्रदान की जा सकती है। इससे समाज और राष्ट्र की भी प्रगति होगी।



### अष्टप्रहर की विशेष पूजा

विधानसभा स्थित राजराजेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर अष्टप्रहर की विशेष पूजा अर्चना होगी।

---

आचार्य ने JK के लिए X पर लिखा-

## "जन्नत" में भी "कमल"


X ← Post
Acharya Pramod
@AcharyaPramodk
"जन्नत" में भी "कमल" #ModitheGreat #ViksitBharatViksitKashmir
Translate post
4:05 PM · Mar 7, 2024 · 74.1K Views

बेधड़क । जयपुर

जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद पीएम मोदी का जम्मू कश्मीर का पहला दौरा रहा। पीएम मोदी ने श्रीनगर में विकसित भारत और विकसित कश्मीर के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से भाजपा को जोड़ते हुए कहा कि यहां झीलों में कमल खिलता है और भाजपा का चिह्न भी कमल ही है।



पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर से भाजपा का नाता सभी जानते हैं। एक ओर जहां पीएम मोदी के दौरे की चर्चा है। वहीं, कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक्स पर पोस्ट कर एक बड़ा संकेत दिया है।

### यह कहा आचार्य ने...

मोदी के समर्थन में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पोस्ट में 'जन्नत में कमल' लिखा। साथ ही, पोस्ट के हैशटैग में मोदी ग्रेट विकसित भारत और विकसित कश्मीर का जिक्र किया, ये सुखद संयोग ही कहा जाएगा या कुदरत का कोई इशारा कि भाजपा का चिह्न भी कमल है और कमल के साथ तो जम्मू कश्मीर का गहरा नाता है, क्योंकि कश्मीर को दुनिया की जन्नत कहा जाता है।

---

विधायक गोपाल शर्मा ने जड़े आरोप

## जयपुर का जिन्ना बनने की कोशिश में रफीक खान: शर्मा

बेधड़क । जयपुर

जयपुर नगर निगम हेरिटेज की बुधवार को हुई साधारण सभा की बैठक में हुए हंगामे और राष्ट्रगान रोकने जैसी देशद्रोह की घटना के बाद गुरुवार को रफीक खान की सफाई पर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने करारा जवाब दिया है। विधायक शर्मा ने रफीक खान को जयपुर के विभाजन की साजिश का सूत्रधार बताते हुए उन्हें जयपुर का जिन्ना बताया। विधायक शर्मा ने कहा कि



आज रफीक खान गंगा जमुनी तहजीब की बात करते हैं, कैसी तहजीब? क्या उन्होंने कभी गंगा स्नान किया है? उन्होंने कहा कि रफीक खान जयपुर को दंगों की आग में झोंकने की कोशिश कर रहे हैं।

---

नगर निगम ग्रेटर में वित्त समिति की बैठक: सर्व सम्मति से पारित किए गए 3 प्रस्ताव

# एक्सकेवेटर लोडर लाने पर सर्वसम्मति... कचरा संग्रहण की होगी मॉनिटरिंग

बेधड़क । जयपुर

नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के ईसी मीटिंग हॉल में वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में 3 प्रस्ताव रखे गए। इनमें निगम के लिये बैकहॉ एक्सकेवेटर लोडर आपूर्ति कार्य का प्रस्ताव सर्व सम्मति से कमेटी द्वारा पारित किया गया।

इसके साथ ही घर-घर कचरा संग्रहण सफाई शुल्क के संबंध में भी प्रस्ताव रखा गया, जिसके अन्तर्गत वित्त समिति के सदस्य लक्ष्मण नूनीवाल ने फर्म के प्रतिनिधियों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सही मॉनिटरिंग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की रेंडम जांच की जाए, जिससे यह पता किया जा सके कि सभी घरों से कचरा उठ रहा है या नहीं। इसके अतिरिक्त सफाई शुल्क को अन्य जोनों में भी लागू करने की बात कही। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी मुख्यालय की ओर से रखे गए प्रस्ताव को भी सर्व सम्मति से सदस्यों की ओर से पारित किया गया।



### गोशाला का औचक निरीक्षण

वित्त समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा हिंगौनिया गोशाला का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने बड़ी गहनता से देखा। उन्होंने गायों की स्थिति, मेडिकल ट्रीटमेंट, छाया की व्यवस्था, सूखा एवं हरे चारे की व्यवस्था संबंधी आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ये रहे बैठक में मौजूद

बैठक में वित्त समिति सदस्य पार्षद बाबूलाल शर्मा, भंवरलाल मालाकार, अक्षत खूटेंटा, लक्ष्मण नूनीवाल, रामबाबू रावत, सुमन गुप्ता राजवंशी, कार्यवाहक सचिव वित्त समिति रोहित पाराशर, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता नितिन शर्मा, सहायक अभियन्ता प्रोजेक्ट राजेश कुमार मीना और अखिलेष ओझाा उपस्थित रहे।

**जरूरी खबर**

### देवनानी ने किया विज्ञान केंद्र का शिलान्यास



**अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को अजमेर में विज्ञान केंद्र का शिलान्यास किया। यहां 15.20 करोड़ की लागत से विज्ञान केंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया गया। केंद्र की चारदीवारी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। देवनानी ने अजमेर के हाथीभाटा में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के नवनिर्मित मुख्य अभियंता (वाणिज्य) कार्यालय का भी लोकार्पण किया। वहीं उन्होंने वार्ड 62 और 63 में विभिन्न विकास कार्यों का भी शुभारंभ किया।

### घर में घुसकर जानलेवा हमला, पांच घायल

**झुंझुनू।** रंजिश में पड़ोसी ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला झुंझुनू जिले के गुढ़ा गौड़जी थाना क्षेत्र के पोषाणा गांव का है। घटना गुरुवार सुबह की है। घायलों को पहले गुढ़ा गौड़जी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनू रेफर कर दिया गया। यहां से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। हमले में घायल सुमित्रा ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले मदन ताराचंद, उसकी पत्नी लक्ष्मी और ताराचंद के बेटे लाठी-डंडे और हथियार लेकर घर में घुस गए और जानलेवा हमला कर दिया।

### डीडवाना-कुचामन और नागौर में नहरबंदी 21 मार्च से



**कुचामनसिटी।** इंदिरा गांधी मुख्य नहर की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते डीडवाना-कुचामन और नागौर जिलों में 21 मार्च से 60 दिनों तक नहरबंदी रहेगी। इस दौरान 30 दिन कम पानी सप्लाई किया जाएगा। प्रत्येक रविवार को सप्लाई बंद रहेगी। नहरबंदी से दोनों जिलों से जुड़ी करीब 39 लाख आबादी के सामने जलसंकट रहेगा। दोनों जिलों के 12 शहर-कस्बों सहित 1480 गांवों की प्यास बुझाने के लिए 60 दिनों में 14.70 अरब लीटर पानी की जरूरत होगी। बीकानेर जिले के नोखा दैय्या स्थित पानी स्टोरेज के दोनों पौंड की क्षमता 10 अरब, 11 करोड़ लीटर पानी की ही है। ऐसे में विभाग के सामने पेयजल सप्लाई की चुनौती रहेगी।

**विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बाद उनकी पत्नी ने भी कांग्रेस की सदस्यता से दिया इस्तीफा**

# जिला प्रमुख सहित 6 पदाधिकारियों ने छोड़ा 'हाथ' का साथ

**बेधड़क | बांसवाड़ा**

जिला प्रमुख रेशम मालवीय और बागीदौरा क्षेत्र के कई कांग्रेस पदाधिकारियों ने गुरुवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। एक ओर जहां राहुल गांधी के दौरे से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश नजर आया तो वहीं, इस्तीफों ने फिर से मायूसी ला दी।

सबसे पहले कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर बागीदौरा से विधानसभा चुनाव जीते महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने इस्तीफा दिया था। वहीं, उनके इस्तीफे के बाद उनकी पत्नी ने बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने से मालवीय नाराज थे और अंततः उन्होंने पार्टी छोड़ दी। इधर, कांग्रेस छोड़ने के बाद मालवीय ने भाजपा का दामन थाम लिया। उसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि जल्द ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसी पदाधिकारी भी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल होंगे। इसी कड़ी में गुरुवार को विधायक की पत्नी व जिला प्रमुख रेशम मालवीय ने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले पीसीसी महासचिव चांदमल जैन और बांसवाड़ा नगर अध्यक्ष तपन मेघावत भी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। हालांकि, यह दोनों ही पदाधिकारी अभी तक भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं। बावजूद इसके दोनों ने भाजपा में शामिल होने की मंशा जाहिर की है। ऐसे में उम्मीद है कि आगे दोनों भाजपा में शामिल हो जाएं।



### कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रेशम मालवीय ने कांग्रेस के स्थानीय नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह जनता दल का गढ़ था, जिसमें कांग्रेस का परचम लहराने का काम महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने किया। लोग कहते हैं कि कांग्रेस ने मालवीय को बनाया पर मैं कहती हूं कि मालवीय ने यहां कांग्रेस को बनाया है। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस को खत्म करने के लिए ताराचंद भगोरा और बांसवाड़ा से अर्जुन बामनिया जिम्मेदार हैं। रेशमा मालवीय ने कहा कि जब वो जिला प्रमुख का चुनाव लड़ीं तो इन दोनों ने ही उन्हें हरवा दिया। वहीं, बीते विधानसभा चुनाव में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 18 मंत्री चुनाव हार गए, लेकिन मालवीय 42 हजार वोट से जीते। इसके बावजूद उन्हें नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया गया। यही कारण है कि उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। साथ उन्होंने कहा कि अर्जुन बामनिया को मालवीय ही कांग्रेस में लाए थे।

### इन्होंने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

जिले में राहुल गांधी के दौरे के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बाद अब उनकी पत्नी ने भी पार्टी को अलविदा कह दिया है। उनके अलावा कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तिफा देने वालों में कांग्रेस कमेटी में महासचिव अक्षय राज पाटीदार, छींच मंडल अध्यक्ष नरेंद्र आचार्य, बागीदौरा मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह पटेल, कलिंजरा मंडल अध्यक्ष हीरालाल पटेल के साथ ही बागीदौरा ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार पाटीदार शामिल हैं।

**PM मोदी ने विकास कार्यों का किया वर्चुअल लोकार्पण**

# सांवलिया सेठ मंदिर में 18 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

भारत सरकार की स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आध्यात्मिक सर्किट श्रीसांवलिया सेठ मंदिर, मण्डफिया में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें पीएम मोदी ने बहुप्रतिक्षित वाटर लेजर शो, यात्री सुविधा केन्द्र, जलपान गृह, ओपन एयर थियेटर, एटीएम, हाई मास्ट लाइट, सोलर लाइट आदि विकास कार्यों का वर्चुअली लोकार्पण किया।

लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि एक जमाना था, जब सांवलियाजी से सरकारों के पास पैसा जाता था। मोदी सरकार पहली होगी, जिसमें यहां पर 18 करोड़ रुपए वाटर लेजर शो, विकास कार्यों और अन्य सुविधाओं के लिए खर्च हुए हैं।

अब देश-विदेश से आने वाले पर्यटक को दर्शन के साथ वाटर लेजर शो और म्यूजियम भी देखने को मिलेगा। इससे सैलानियों को यहां के इतिहास की भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार की ओर से धार्मिक स्थलों पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत दर्शनार्थियों की सुविधा को भी प्रमुखता दी जा रही है। ऐसे में धार्मिक स्थलों पर आमजन को पहले के बजाय ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। साथ ही लोगों को आवागमन से सहुलियत, रहने-खाने के अच्छी सुविधा के साथ ही धर्म स्थलों से जुड़े इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के ऐतिहासिक और प्राचनी धर्मस्थलों को इस तरह से विकसित किया जा रहा है कि स्थानीय लोगों के साथ ही देश-विदेश के लोगों की वहां तक पहुंच बन सके।



### सीता माता सेंचुरी में भी होंगे विकास कार्य

जोशी ने कहा कि चित्तौड़गढ़ को नगर वन योजना में शामिल करने से जल्दी ही एक प्रोजेक्ट आने वाला है एवं सीता माता सेंचुरी को भी ट्राइवल सर्किट में शामिल किए जाने से लगभग सवा चार करोड़ रुपए के काम होंगे। ईएसआईसी हॉस्पिटल की जमीन जो पूर्व की सरकार नहीं दे पाई। उसका भी टेंडर होने वाला है। मोदी सरकार में इस क्षेत्र को काफी सौगातें मिली हैं और आगे भी मिलती रहेंगी। इस अवसर पर सांवलिया कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाडोली सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी की यात्रा पर कसा तंज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राहुल गांधी की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि जब पूर्व की कांग्रेस सरकार प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही थी, तब उन्होंने युवाओं की चिंता क्यों नहीं की। अब भाजपा की डबल इंजन सरकार पेपर लीक माफिया को ढूंढ-ढूंढकर सलाखों के पीछे पहुंचा रही है, तब राहुल गांधी यात्रा निकालने और युवाओं से मिलने का ढोंग कर रहे हैं। प्रदेश का पढ़ा लिखा युवा सब समझता है। वह किसी के बहकावे में नहीं आने वाला।

**केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन**

## इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने



**बेधड़क | बीकानेर**

सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक पेश करने के निर्देश की अनदेखी करने पर कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी देने में लेटलतीफी को लेकर कांग्रेस ने एसबीआई बैंक की पब्लिक पार्क शाखा और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी और देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत और देहात अध्यक्ष बिसनाराम सिहाग के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट के सामने एकत्र हुए और एसबीआई की पब्लिक पार्क शाखा तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद एसबीआई के सामने नारेबाजी कर विरोध किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया। कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष यशपाल गहलोत ने बताया कि पहली बार चुनाव में चंदे का घोटाला हो रहा है।

केंद्र की मोदी सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड लेकर आई और इसके जरिए सबसे ज्यादा चंदा जुटाया। कांग्रेस सहित कई राजनीतिक दलों और संगठनों ने इलेक्टोरल बॉन्ड का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक सुप्रीम कोर्ट को देने के आदेश दिए थे, जोकि अभी तक भाजपा ने नहीं दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इसका तोड़ निकालते हुए एसबीआई को पार्टी बनाया और एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक की मोहलत मांगी है, जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है।

**भोजक व दाधीच होंगे पं. व्यास व ओझा पुरस्कार से सम्मानित**

## फाग में गूंजेंगी धमाल की स्वरलहरियां

**बेधड़क | चूरू**

साकार संस्थान चूरू की ओर से आगामी 10 मार्च को शाम 4 से 8 बजे तक शहर में घंटाघर बाजार में फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान के संरक्षक हनुमानमल कोठारी ने बताया कि इस मौके पर फतेहपुर शेखावाटी के ख्यातनाम लोक कलाकार गिरीश भोजक व लोक कलाकार राकेश दाधीच और टीम के कलाकार चंग की थाप व बांसुरी की धुनों के साथ लोकगीतों व राजस्थानी गीतों की नृत्यमयी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, मनोज न्यांगली, जिला प्रमुख वंदना आर्य, भाजपा नेता देवेंद्र झाझड़िया, कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया, विधायक नरेंद्र बुडानिया, अनिल शर्मा, मनोज मेघवाल, पूसाराम गोदारा, भाजपा नेता राजकुमार रिणवा, अभिनेष महर्षि, कांग्रेस नेता कृष्णा पूनियां, सिटी सेंटर मॉल चूरू के डायरेक्टर समाजसेवी बाबू खान, कैरियर पीजी कॉलेज के डायरेक्टर शिक्षाविद् एवं समाजसेवी अमीलाल धेतरवाल व बिसाउ रोड स्थित प्रिंस स्कूल चूरू के डायरेक्टर शिक्षाविद् व साहित्य सेवी प्रताप सिंह सिहाग सहित अन्य गणमान्य नागरिक बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।

संस्थान के कोषाध्यक्ष रवि दाधीच ने बताया कि फागोत्सव में संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला वर्ष 2024 का पंडित भरत व्यास स्मृति साहित्य पुरस्कार इस वर्ष लोक कलाकार गिरीश भोजक को भेंट किया जाएगा। वहीं रमाकांत ओझा स्मृति लोक कला पुरस्कार लोक राकेश दाधीच को भेंट किया जाएगा।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम का किया गया सम्मान**

## महिलाएं अधिकारों के लिए हों जागरूक

**बेधड़क | भानपुर कलां**

महिलाएं समाज में दोहरी भूमिकाएं निभाती हैं। इसलिए महिला सशक्तिकरण से ही समाज व राष्ट्र सशक्त हो सकता है।

यह विचार गुरुवार को बिलोद में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवा डॉ. पिंकी मीणा ने संबोधन के दौरान प्रकट किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे की मदद कर कमजोर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जमवारामगढ़ सीडीपीओ उषा आचार्य, भानपुर कलां स्कूल प्रधानाचार्य कौशलेंद्र मीना, बासना स्कूल प्रधानाचार्य बीना कुमारी मीना ने कहा कि महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। फिर चाहे राजनीति हो या शिक्षा के क्षेत्र में आज अपना नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ममता मीना ने की।



डॉ. विकास जैफ ने भी महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान फागोत्सव का आयोजन भी किया। इस मौके पर करीब 8 ग्राम पंचायतों की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, एएनएम, साथिन आदि को स्मृति चिह्न, शॉल व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य ममता मीना, साथिन सुपरवाइजर हेमलता मीना, आशा सुपरवाइजर विमला मीना, एएनएम अनिता पारीक, यशोदा पंवार, भावना श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी पूजा सैनी, कैप्टन वीएस राघव, जगदीश केलावत, जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, पीआरओ बीएल शर्मा, ब्लॉक सुपरवाइजर मुकेश कुमार गुर्जर आदि सहित करीब 125 महिलाएं मौजूद थी।

**महाशिवरात्रि का दिखने लगा उल्लास**

# सैंपऊ के ऐतिहासिक शिव मंदिर में लक्खी मेला शुरू, उमड़ेगी आस्था

**बेधड़क | धौलपुर**

महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सैंपऊ कस्बे के ऐतिहासिक महादेव मंदिर पर 8 दिवसीय लक्खी मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

मेले की तैयारियों को गुरुवार को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान मंदिरों के साथ ही बाजारों को भी रंगी-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। हजारों की तादाद में श्रद्धालु सोरों, कर्णवास एवं हरिद्वार से कावड़ लेकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को अर्पित करेंगे। मेले की तैयारी को लेकर पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल मीणा के साथ जायजा लिया। एसपी ने अस्थाई पुलिस चौकी मंदिर प्रांगण मेले के प्रमुख बाजार पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण कर पर्याप्त मात्रा में पुलिस जाप्ता लगाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। स्थानीय पंचायत को सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं। मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 150 पुलिसकर्मियों का जाप्ता तैनात किया है।

मेले के अंदर सौंदर्य प्रसाधन, चाट मार्केट, संदूक बक्सा मार्केट एवं मनोरंजन के साधनों पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए हैं। सौंदर्य प्रसाधन मार्केट में विशेष सुरक्षा के प्रबंध किए जाएंगे। सभी पॉइंट को निर्धारित कर एडवाइजरी जारी कर दी है। तीन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।



### कावड़ियों का आना हुआ शुरू

शिव मंदिर में गुरुवार रात्रि 12 बजे से कावड़ियों का आना शुरू हो गया। मंदिर के मुख्य द्वार को कांवड़ियों के प्रवेश के लिए रखा गया है। सती मंदिर के सामने वाले दूसरे द्वारा से आम श्रद्धालु प्रवेश करेंगे। मंदिर के तीसरे दरवाजे से श्रद्धालुओं के निकासी की व्यवस्था की गई है। शहर के अचलेश्वर महादेव एवं चोपड़ा मंदिर पर भी महाशिवरात्रि के अवसर पर दरबार सजेगा। शिव रात्री के मौके पर आस-पास के अलावा दूर-दराज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भोले बाबा की पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई तरह की व्यवस्था की गई है। यहां सैकड़ों कार्यकर्ता व्यवस्थाओं के में तैनात रहेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए कतार की व्यवस्था रहेगी।

### मेले में लगे झूले-चकरी, स्टॉल

प्राचीन शिव मंदिर के लक्खी मैले में झूले और अनेक दुकानें लगी हैं। इन पर लोग बच्चों के मनोरंजन के साथ ही कई तरह की खरीददारी भी कर सकेंगे। श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के बाद मेले का आनंद लेंगे। बच्चों और बड़ों तक के लिए झूले लगाए गए हैं। वहीं चाट-पकौड़ी सहित कई व्यंजनों का स्वाद भी ले सकेंगे।

### महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह 4:30 बजे होगी मंगला आरती

महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह 4:30 बजे मंगला आरती की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को गंगाजल, शर्करा, बेलपत्र, धतूरा, घृत, पंचगव्य आदि भगवान अर्पित करेंगे। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सहस्त्रधारा भी अर्पित की जाएगी।

### महिलाओं ने तोड़ी वर्जनाओं की दीवारें, पर अभी भी पूरा हक मिलना बाकी

# बधाई... अपने अस्तित्व की नई परिभाषा गढ़ रही हैं महिलाएं




अरविन्द जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। दुनिया की सभी महिलाओं को आसमान भर बधाई और मंगल शुभकामनाएं। सिर्फ इसलिए नहीं कि आज उनका दिन है। इसलिए भी नहीं कि वे सृष्टि की निरंतरता की अनवरत व आधारभूत परमतत्व हैं। इसलिए भी नहीं कि उनके आंचल में दूध और आंखों में पानी है। इसलिए भी नहीं कि वे हौसलों की उड़ान से जहान भर की बुलंदियों से खेल रही हैं।

हां, उन्हें बधाई और मंगल शुभकामनाएं इसलिए हैं कि वे सदियों से गढ़ी-बुनी वर्जनाओं की खोल को धूल-धूसरित एक नए मूल्य और प्रतिमान को गढ़ रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि हजारों साल से गढ़े-बुने गए समाज के एकध्रुवीय स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन के दायरे का विस्तार कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि वे स्वयं के मापने व परखने के पूर्वाग्रही सांचे व सोच को चकनाचूर कर पुरुषवादी कवच का विन्यास कर रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए कि वे असमानता और अन्याय के खिलाफ तनकर खड़ा होने के नवाचारों का बीज रोप रही हैं।



उन्हें बधाई इसलिए कि वे स्वयं के इतिहासपरक मूल्यांकन को रद्द कर नई व्याख्या को आयाम दे रही हैं। उन्हें बधाई इसलिए भी कि उनकी नई सोच और जीवन-मूल्य को अब समाज आत्मसात कर रहा है। बदलाव के गुणसूत्र को मान्यता दे रहा है। बदलाव की इस सहज प्रतिध्वनि से असमानता की लौह-बेड़ियां स्वतः पिघल रही हैं। नतीजा सामने है। कल तक हम लैंगिक असमानता, हिस्सेदारी व भागीदारी को लेकर चिंतित थे। लेकिन आज बदलाव का चक्र घूमता साफ दिख रहा है। लैंगिक असमानता में तेजी से कमी आने लगी है। अभी गत वर्ष पहले ही राष्ट्रीय परिवार सर्वेक्षण के आंकड़ों से खुलासा हुआ कि महिला स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हुआ है। महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की वारदातों में कमी आई है। वैवाहिक हिंसा पिछले एक दशक में 37.2 फीसदी से घटकर 28.8 फीसदी रह गई है। सर्वोच्च अदालत ने बेटियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की मंजूरी दे दी है। सरकार भी तैयार है।

इन सब सुधारों के बावजूद मौजूं सवाल यह है कि क्या समानता की मीनार पर आधी-आबादी विराजमान हो गई है? बिल्कुल नहीं। देखा जाए तो अभी भी राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में आधी-आबादी की मौजूदगी कम है। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वे (एआईएसएचई) की रिपोर्ट से उद्घाटित हो चुका है कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में बेटियों का नामांकन शैक्षणिक पाठ्क्रमों की तुलना में कम है। आर्थिक उपक्रमों में भागीदारी की बात करें तो देश के सिर्फ 13.8 प्रतिशत कंपनी बोर्ड में महिला प्रतिनिधित्व है। केवल 14 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्वकर्ता की भूमिका में हैं। आईएएस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 20 फीसद से कम है जबकि बैंकों में 22 प्रतिशत के आसपास है।

राजनीति की बात करें तो केंद्रीय और राज्य स्तरीय राजनीति में महिलाओं की संख्या संतोषजनक नहीं है, वहीं पंचायतीराज में वे महज रबड़ स्टांप की भूमिका में हैं। बहरहाल, उम्मीद पर दुनिया कायम है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सामाजिक गंभीरता इस बात का संकेत है कि जल्द ही हालात बेहतर होंगे। सभी महिलाओं को फिर एक बार उनकी असीम शक्ति के लिए बधाई।

## Yuva स्टोरीज

### राजस्थान विवि में महिला दिवस कार्यक्रम

## छात्राओं ने साकार किया नारी का शक्ति स्वरूप



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय नाट्य विभाग की ख्याति प्राप्त प्रो. अर्चना श्रीवास्तव के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत दो दिवसीय शक्ति कार्यक्रम में गुरुवार को विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महिलाओं से जुड़े विभिन्न आयामों को लेकर आकर्षक नाट्य प्रस्तुतियां दी। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई नाट्य प्रस्तुतियों को देखकर दर्शक अभिभूत हो गए।राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों के नाटक से जुड़े इस विशेष प्रदर्शन को देखकर यह तथ्य आमतौर पर चर्चा में रहा कि इन छात्रों के इस तरह की विशेष अवसरों पर दिए जाने वाले जीवंत मनमोहन नाट्य प्रदर्शनों के पीछे नीव का पत्थर विश्वविद्यालय नाट्य विभाग से जुड़ी शिक्षक प्रो. अर्चना श्रीवास्तव हैं। विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र में आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में छात्राओं ने योगासनों के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। योग और आसन के साथ महिलाओं की शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। स्टूडेंट्स ने भगवान शिव से लेकर महिषासुर मर्दिनी तक के स्वरूपों को सुंदर आसन मुद्राओं के साथ नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्राओं ने संदेश दिया कि नारी शक्ति स्वरूपा है, सृष्टि की रचना कारक है। यह कार्यक्रम डॉ. अनीता आचार्य के निर्देशन में आयोजित किया गया।

### एक्सपर्ट ने दिए आत्मनिर्भर बनने के टिप्स



**जयपुर**। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आत्मरक्षा के गुणों को सीखने के लिए वक्ताओं ने प्रेरित किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अम्बाबाड़ी स्थित महर्षि अरविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट में विभिन्न सत्रों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. परमेश्वरी मिश्रा ने हाइजीन और ऐडोलसेन्ट हैल्थ के ऊपर सेशन लिया। उन्होंने इस विषय पर महिलाओं को विभिन्न टिप्स दिए। स्टूडेंट्स ने महिलाओं को समर्पित विभिन्न कोलाज तथा पोस्टर बनाए एवं कविताओं की प्रस्तुति दी। संस्था की सह-निदेशक शालिनी पाराशर ने सभी वक्ताओं का सम्मान किया। संचालन डॉ. रूबीना ने किया।


### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : देश बना रही महिलाएं

# खुशी का आसमान छूने को थोड़ा है थोड़े की जरूरत है...




भागचंद जैन
अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक मज़दूर आंदोलन की उपज है । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत आज से 116 वर्ष पहले वर्ष 1908 में हुई थी, जब अमरीका के न्यूयॉर्क शहर में करीब 15 हजार महिलाएं सड़कों पर उतरी थी। इन महिलाओं ने काम के कम घंटे, उचित वेतन और वोटिंग के अधिकार की मांग के लिए प्रदर्शन किया था। महिलाओं के इस विरोध प्रदर्शन के एक वर्ष पश्चात अमरीका की सोशलिस्ट पार्टी ने प्रथम राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की घोषणा की। महिला दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का विचार एक महिला क्लारा जेटकिन का था । क्लारा जेटकिन ने वर्ष 1910 में विश्व स्तर पर महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव किया था। पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस वर्ष 1911 में ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्ज़रलैंड में मनाया गया था जिसमें रैलियों में दस लाख से अधिक सहभागी सम्मिलित हुए थे। इसका शताब्दी समारोह वर्ष 2011 में मनाया गया था। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को पहली बार 1996 में एक थीम के तहत मनाया गया था । उस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने इसकी थीम तय की थी -'विगत का उत्सव, भविष्य की योजना'। इस वर्ष महिला दिवस की थीम है 'महिलाओं में निवेश करें, प्रगति में तेजी लाएं'।



### 64 महिलाओं को मिला है नोबल पुरस्कार

यूके, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जर्मनी, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि देशों के राष्ट्राध्यक्ष महिलाएं रही हैं। वर्ष 1960 में विश्व में सर्वप्रथम श्रीलंका की राष्ट्राध्यक्ष सिरिमाओ भंडारनायके बनी थी। तब से लेकर अभी तक 70 से अधिक देशों की 110 से अधिक महिलाएं राष्ट्रीय नेता बनी हैं। 64 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नोबल प्राइज प्राप्त हो चुका है। कई उद्यमों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागेदारी है। अंतरिक्ष, खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा, व्यवसाय, कानून, चिकित्सा आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सार्थक भूमिका है। कुछ क्षेत्र तो ऐसे हैं जिन्हे महिलाएं ही निभा सकती है।

### नारियों ने मनवाया है प्रतिभा का लोहा

सरोजिनी नायडू ने औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने दृढ़ चरित्र और दृढ़ विश्वासों की बदौलत, सरोजिनी नायडू पूरे देश में अनगिनत महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत रही हैं। महिलाओं के अधिकारों, स्वतंत्रता आंदोलन और अन्य क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए, सरकार ने औपचारिक रूप से उनके कार्यों और महिलाओं के अधिकारों के लिए उनकी भूमिका को देखते हुए 13 फरवरी 2014 से प्रतिवर्ष भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरुआत की। उनके जन्मदिन पर भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन देश के भीतर सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों के जश्न को रेखांकित करता है। महिलाएं देश के विकास में पूर्ण सहभागिता, जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है। राजनीति में- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं प्रतिभा पाटिल, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राज्यपाल सरोजनी नायडू, फातिमा बीवी, पद्मजा नायडू, कमला बेनीवाल, आनंदी पटेल, मार्गरेट अल्वा आदि, मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी, नंदिनी सतपथी, शीला दीक्षित, जय ललिता, मायावती, वसुंधरा राजे, ममता बनर्जी आदि उद्यमी वंदना लूथरा, किरण मजमुदार शॉ, सुची मुखर्जी, अदिति गुप्ता, ऋतु कुमार, इंद्रा नूई, फाल्गुनी नायर, खुशबू जैन, वैज्ञानिक- दर्शन रंगनाथन, असीमा चटर्जी, डॉ. कादम्बिनी गांगुली, जानकी अम्माल, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, सिरिशा बंडला स्पोर्ट्स में पी टी ऊषा, मेरीकॉम, मिताली राज, साइना नेहवाल, पी वी सिंधु, दीपिका पल्लीकल, मोनिका बत्रा, सानिया मिर्जा, प्राची तेहलाम, प्रतिमा सिंह आदि। ब्यूरोक्रेट्स में उषा शर्मा, नीलकमल दरबारी, वीनू गुप्ता आदि। अधिवक्ताओं में करुणा नंदी, वृंदा ग्रोवर, फ्लेविया अग्निस, इंदिरा जयसिंह, मीनाक्षी लेखी, पिंकी आनंद आदि, बैंकर्स में अरुंधति भट्टाचार्य, नैना लाल किदवई, चंदा कोचर, शिखा शर्मा, कल्पना मिरपरिया, रंजना कुमार आदि ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 13 विश्व विद्यालयों की उप कुलपति महिलाएं है। भारतरत्न विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट भूमिका के निर्वहन से 53 में से 5 महिलाओं को यह उपाधि प्राप्त हो चुकी हैं।

### अस्तित्व: एक औरत के

## अस्तित्व: एक औरत के संघर्ष की कहानी




डॉ. पायल बंसल


यह कहानी है उत्तरप्रदेश के एक छोटे से गांव में जन्मी एक लड़की की, जिसने एक गरीब परिवार में जन्म लिया। पिता एक साधारण किसान व माता एक गृहणी थी। तीन भाई बहनों से हंसता-खेलता परिवार था। बढ़ती उम्र व पढ़ाई में अच्छी होने के बाबजूद कभी कोई ऐसा मौका न मिला कि वो सबको बता सके कि वह भी लड़कों से कम नहीं है। उम्र बढ़ती गई और आखिर वो दिन आ गया जब न चाहते हुए भी उसकी शादी कर दी गई। यहां से शुरू हुआ जिंदगी का एक नया सफर। रोज सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक खुद को साबित करने की जद्दोजहद में सारा वक्त निकल जाता था। ना पति प्यार करता था, ना घर में सम्मान जैसा कोई शब्द था। अचानक पति की सरकारी नौकरी लग जाने से ऐसा लगा जैसे उसकी रूठी हुई किस्मत जाग गई हो। फिर से नई उम्मीदें कि अब एक नई दुनिया होगी जिसमे कुछ लम्हे प्यार के होंगे। लेकिन अब तो हालत दिन ब दिन बदतर होती गई। पति मारने पीटने भी लगा। चार चार दिन बिना खाए पिए निकलने लगे। तबियत और भी खराब हो गई। मां बाप को समझाने की कोशिश की मुझे घर बुला लो, वहीं अपना कुछ करके गुजारा कर लूंगी। लेकिन उन्होंने भी समाज के डर से समझा दिया कि बेटा शुरूआती दौर में ये समस्याएं आती है। सब्र करो सब कुछ ठीक हो जाएगा। मेरे सब्र का बांध टूट गया और उनके जुल्म बढ़ते चले गए। अंत में ये सफर खत्म हुआ मेरी मौत के साथ।

### कविता

## नारी : एक अबला या सशक्त

*नारी ही जीवन है,*
*नारी ही सृष्टि का आधार !!*
*रच दी ईश्वर ने नारी,*
*और नारी ने ये संसार !!*

*राधा भी बनी, मीरा भी बनी*
*नारी ही बनी लक्ष्मीबाई भी !!*
*प्रेम किया, भक्ति भी की,*
*और फिर उठाई तलवार भी!!*

*जब बढे कदम और छुआ आसमान,*
*तब हुआ कल्पना चावला का नाम!!*
*फिर आये ऋतू श्रीवास्तव जैसे नाम,*
*जिनसे हुआ कामयाब मिशन चंद्रयान !!*

*जब भी खुले किसी द्वार,*
*और घर में आया कन्या रत्न !*
*खुशियां हो गई चौगुनी,*
*मानो घर में आए हों नवरत्न !!*

*ममता की चौकी पर ,*
*कर दिया न्योछावर जिसने !*
*कौशल्या, जानकी जैसे हैं नाम,*
*रच दिया इतिहास जिसने !!"*

*अब आया है वो वक्त,*
*जब ना मैं किसी से घबराऊंगी !*
*कर लिया सफर राष्ट्रपति बन ने का,*
*अब देश को मैं ही चलाऊंगी !!"*

## बच्चों ने दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश




बेधड़क | जयपुर

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने किरण बेदी, सरोजिनी नायडू, कल्पना चावला, द्रौपदी मुर्मू और मदर टेरेसा, भगिनी निवेदिता की भूमिका निभाते हुए, उनके द्वारा देश के लिए किए गए, योगदान के बारे में मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रा रिद्धि, भव्या, वीरा, गितिका, हनिका, तनुष्का, दक्षा, मानवी, इशिता, तमन्ना, अंजलि, पूर्वी, अनुष्का, आस्था, रेचल और सानिया ने महिला दिवस के मौके पर महिलाओं के सर्वांगीण विकास का मैसेज अपने प्ले के माध्यम से दिया। इस दौरान छात्राओं ने बढ़ते भारत की छवि भी दर्शाई।

### विमर्श | महिला दिवस विशेष- आधी आबादी को मिले पूरा हक

# यही समय है कि 'चिर बंदिनी' नारी को मुक्ति मिले




सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'


भारतीय पुरुष प्रधान समाज में नारी की दशा अच्छी नहीं है, यह किसी से नहीं छुपा। नारी को अपनी योग्यता सिद्ध करने के लिए अनेक विरोधों का सामना करना पड़ता है। पुरुषों द्वारा संचालित समाज स्त्री को जन्म से मृत्यु तक शरणागत बना देता है।

भारतीय समाज ने एक सोचे-समझे षड़यंत्र के तहत् भारतीय नारी को सहनशीलता और समर्पण के उच्च आदर्शों में बांधकर उसे मानसिक रूप से अपनी स्थिति पर विचार कर पाने में पूर्णतया असमर्थ बना दिया। नारी जो वास्तव में एक शक्ति थी, और है, इन आदर्शों और चारित्रिक मूल्यों का निर्वाह करने और उन्हें कायम रखने के संशय में उलझी स्वयं का मानसिक, शारीरिक और सर्वथा अनुचित शोषण चुपचाप सहती आ रही है।

वैसे देखा जाए तो महिलाओं पर होने वाले अपराधों के लिए रूढ़ियों व प्रथाओं को भी जिम्मेदार माना जा सकता है। आज सती प्रथा का अंत तो लगभग हो चुका है। लेकिन आज भी नारी को पैतृक संपत्ति में अधिकार देने के लिए नारी शिक्षा का प्रसार करने के क्षेत्र में कोई सुधार नहीं हुआ है। भले ही कानून बना है, लेकिन इसे मानते कितने लोग हैं। नारी जनजागरण का सर्वथा अभाव है जिससे नारी उत्पीड़न का शिकार हो रही है।

*"मुक्त करो नारी को मानव, चिर बंदिनी नारी को।*
*युग-युग की बर्बर कारा से, जननी सखी प्यारी को।।"*

*"तुम भूल गये पुरुषत्व मोह में, कुछ सत्ता है नारी की।*
*समरसता संबंध बनी, अधिकार और अधिकारी की।।"*



### महिला ही महिला की दोषी

पुरुष और यह समाज तो स्त्री के प्रति दोषी है ही, यह भी होता है कि प्रायः स्त्री को स्त्री जाति से ही उपेक्षा उत्पीड़न मिलती है। सास, बहु, ननद, भाभी आदि के झगड़ों के किस्से रोजाना समाचार पत्र पत्रिकाओं में पढ़ने को मिल जाते हैं। बहुओं को प्रताड़ित करने एवं दहेज की मांग करने में घर की स्त्रियां जितना आगे होती हैं उतना पुरुष नहीं। ऐसे खतरनाक खेलों में पुरुष स्त्रियों के माध्यम तो अवश्य बनते हैं, किन्तु अगुआ कम ही होते हैं। इस तरह यह भी तय है कि स्त्री ही स्त्री जाति के अस्तित्व के लिए चुनौती बनी हुई हैं। कुल मिलाकर यह सच है कि बड़े-बड़े गरिमामय सैद्धांतिक मूल्यों के बावजूद पुराने अंधविश्वासों और विकृत आधुनिकता ने मिलकर महिलाओं के लिए कल के मुकाबले आज अधिक विषम स्थिति पैदा कर दी है। अब तक की स्थितियों में महिलाओं को दूसरे दर्जे की नागरिकता दे रखी है। दहेज बलात्कार, अपहरण, आर्थिक भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न द्वारा सताए जाने के कारण आत्महत्याओं आदि की घटनाएं नित्य हो रही है। संवैधानिक अधिकारों के बावजूद समाज ने महिलाओं को सामाजिक समता का अधिकार नहीं दिया। इस प्रकार संक्षेप में हम कह सकते हैं कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों के प्रति समाज, पुरुष, प्रथायें वर्तमान की विषम व्यवस्था, जागरुकता का अभाव और सबसे अंत में स्वयं स्त्री ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

# चराचर जगत के कल्याणकर्ता भगवान शिव



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संसार के सर्वाधिक प्राचीनतम ग्रंथ वेद में ईश्वर को अनन्त गुणों के अनुसार असंख्य नामों से संबोधित किया गया है, जिनमें से एक नाम शिव भी है। जिस प्रकार परमेश्वर के अनन्त गुण, कर्म, स्वभाव हैं, उसी प्रकार उसके अनन्त नाम भी हैं। उनमें से प्रत्येक गुण, कर्म और स्वभाव का एक-एक नाम है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में परमात्मा को शिव सहित सौ से अधिक नामों से संबोधित किया है। निराकार ईश्वर का नाम शिव है। शिव का अर्थ है- जो कल्याणकारी हो। ईश्वर कल्याणकारी है, इसलिए उसका एक नाम शिव भी है। शिवु कल्याणे धातु से शिव शब्द सिद्ध होता है। बहुलमेतन्निदर्शनम् इससे शिवु धातु माना जाता है, जो कल्याणस्वरूप और कल्याण का करने वाला है, इसलिए उस परमेश्वर का नाम शिव है। भगवान शिव भारत के सबसे रहस्यमय और पूजनीय देवताओं में से एक हैं। ऋग्वेद में रुद्र नामक देवता का उल्लेख है। उसमें शिव का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। शिव की कल्पना का स्पष्ट उल्लेख यजुर्वेद के सोलहवें अध्याय के मंत्रों में हुआ है। यजुर्वेद के कई मंत्र ऋग्वेद के रुद्र का शिव में परिवर्तित होने का स्पष्ट अनुभव कराते हैं-

***या ते रुद्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी ।***
***तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभि***
***चाकशीहि।। -यजुर्वेद 16/2***

अर्थात- हे रुद्र और सत्योपदेशों से सुख पहुंचाने वाले परमात्मन्! जो तेरी शिवा अर्थात कल्याणकारी, अघोरा अर्थात उपद्रवरहित, अपापकाशिनी अर्थात धर्म का प्रकाश करने वाली काया है, उस शान्तिमय शरीर से आप हमें देखें, अर्थात हमारे लिए कल्याणकारी आदि होइए, और अपने उपदेशों से हमें सुखों की ओर अग्रसर कीजिए। वैदिक, पौराणिक व प्राचीन ग्रंथों में अंकित शिव कथा, शिव के देवत्व और और आध्यात्मिकता से संबंधित विवरणियों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ऋग्वेद में उल्लेखित रुद्र ही यजुर्वेद में शिव और फिर सामवेद में महादेव में परिणत हो गए। सर्वप्रथम वेदों में उल्लिखित रुद्र अर्थात भगवान शिव का वर्णन उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। रुद्र का अर्थ है -गर्जना करने वाला, दहाड़ने वाले उग्र देवता। उन्हें आंधी- तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़े एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान किया गया है, जो रुद्र के विध्वंसक और रक्षक दोनों ही रूप अर्थात उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। यजुर्वेद में सर्वप्रथम परमात्मा के लिए रुद्र के साथ शिव, शंकर, शम्भु, मयोभव, मयस्कर, शिवतर, गिरीश, सहस्राक्ष, पशुपति, नीलकण्ठ, कृष्णकण्ठ आदि नाम प्रयुक्त हुए हैं, जो कालांतर में शिव के विभिन्न नामों में शामिल होकर प्रतिष्ठित हो गए। और नित्य पूजनीय, वंदनीय हो गए। दैनिक संध्या -उपासना में प्रयुक्त होने वाले यजुर्वेद 16/41 मंत्र में परम पिता का स्मरण करते हुए कहा गया है-

***नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः***
***शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च***
***शिवतराय च। -यजुर्वेद 16/41***

अर्थात- जो मनुष्य सुख को प्राप्त कराने वाले परमेश्वर, सुखप्राप्ति के हेतु विद्वान, कल्याण करने और सब प्राणियों को सुख पहुंचाने वाले, मंगलकारी और अत्यन्त मंगलस्वरूप पुरुष का भी सत्कार करते हैं, वे कल्याण को प्राप्त होते हैं। यजुर्वेद 16/41 के इस मन्त्र में शंभव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, शिवतर शब्द आये हैं, जो एक ही परमात्मा के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुए हैं। शिव संस्कृत का शब्द है, जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में, भगवान शिव को हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद में सर्वोच्च देवता महादेव का दर्शन होता है। सामवेद के अनेक मंत्रों में महादेव को सर्वोच्चता और महता सिद्ध की गई है। इसमें महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापिता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। वेदों में उल्लिखित शिव का सिर्फ पर्वत पर वास नहीं है, बल्कि वह समस्त सौर मंडल में कण-कण में विद्यमान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**




## सात शिवमंदिर बने हैं एक देशांतर रेखा में

# मंदिरों का सीधी रेखा में बने होने का रहस्य



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार



> *"भगवान श्रीराम ने रावण की लंका पर चढ़ाई करने से पहले इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के अनुसार इन मंदिरों का निर्माण यौगिक गणना के आधार पर एक सीधी रेखा में इनके निर्माण के कालखंड में संभव हो पाया था। यह भी एक धारणा है कि इन मंदिरों का निर्माण कैलाश मानसरोवर को ध्यान में रखते हुए किया गया है।"*

तकनीक के आविष्कार के साथ भारत की स्थापत्य कला की विज्ञान सम्मत तार्किकता सामने आने लगी है। अब भारत समेत पूरी दुनिया आश्चर्य में है कि जब अक्षांश और देशांस को जानने के उपकरण नहीं थे, तब भारत में हजारों साल पहले एक सीधी रेखा में दो ज्योतिर्लिंगों के बीच कैसे सात शिव मंदिर निर्मित कर दिए गए। ये सातों मंदिर केदारनाथ से रामेश्वरम् ज्योतिर्लिंग के बीच स्थित हैं। ये मंदिर पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। सभी मंदिर देशांतर रेखा पर लगभग 79 डिग्री पर निर्मित हैं। उत्तराखंड के केदारनाथ, तमिलनाडु के अरुणाचलेश्वर, थिल्लई नटराज, जम्बूकेश्वर, एकाम्बेश्वरनाथ, आंध्रप्रदेश के श्रीकालाहस्ती और रामेश्वरम् मंदिरों को एक सीधी रेखा में स्थापित किया गया है। इस रेखा को शिव-शक्ति अक्ष रेखा भी कहा जाता है। इन मंदिरों में कालाहस्ती जल, एकाम्बेश्वरनाथ अग्नि, अरुणाचलेश्वर वायु, जम्बूकेश्वर पृथ्वी और थिल्लई नटराज मंदिर आकाश तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन मंदिरों की उम्र 4000 वर्ष की मानी गई हैं। इनके बीच की दूरी 2383 किमी है।

इन सभी मंदिरों के बीच भारत का अत्यंत महत्वपूर्ण महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन में स्थापित है। यह पश्चिमी देशों से बहुत पहले से समय की गणना की अवधारणा से जुड़ा है। उज्जैन जो भारत की हृदयस्थली है, इसकी भौगोलिक स्थिति विलक्षण हैं। यहां कर्क और भूमध्य रेखा एक-दूसरे को काटती हैं, इसलिए इसे पृथ्वी का केंद्र बिंदु माना जाता है। यह भी धारणा है कि उज्जैन पृथ्वी और आकाश के मध्य स्थित है। भूतभावन महाकाल को कालजयी मानकर ही उन्हें काल यानी समय का देवता माना गया है। कालगणना के लिए मध्यव्रती स्थल होने के कारण इस नागरी का प्राकृतिक, वैज्ञानिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और खगोलीय महत्व रेखांकित किया जाता रहा है। उज्जैन में महाकाल की स्थापना का रहस्य मध्यबिंदु होने के साथ मंगलगृह की उत्पत्ति का स्थल भी माना गया है। यहां पर ऐतिहासिक नवग्रह मंदिर और वैदशाला की स्थापना से कालगणना का मध्यबिंदु होने के प्रमाण मिले है। प्राचीन भारतीय मान्यताओं के अनुसार जो भौगोलिक गणनाएं प्राचीन ऋृशियों ने की हैं, उन्होंने उज्जैन को शून्य रेखांश पर माना है। कर्क रेखा भी यहीं से होकर गुजरती है। यहीं से भू-मध्य रेखा इसे काटती है। भू-मध्य और कर्क रेखा का मिलन स्थल होने के कारण इसे पृथ्वी का नाभि स्थल भी माना गया है। इसी विशिश्ट भौगोलिक स्थिति के कारण प्राचीन आचार्यों के प्रतिपादित सिद्धांतों में समय गणना, पंचांग निर्माण आदि के लिए उज्जैन यानी प्राचीन अवंतिका को केंद्र बिंदू के रूप में स्वीकार किया गया। ज्योतिश के सबसे प्राचीनतम एवं सर्वाधिक प्रमाणिक ग्रंथ 'सूर्य सिद्धांत' में भूमध्य रेखा के सिलसिले में उल्लेख है कि

***राक्षसांलयदेवौकः शैलयोर्मध्यसूत्रगाः।***
***रोहितकमवन्ती च यथा सन्निहितं सरः।।***

अर्थात, लंका और सुमेरू पर्वत के मध्य जो सूत्र होगा, उसके बीच के नगर रेखापुर कहलाते हैं। जैसे रोहतक, अवंति और कुरूक्षेत्र ऐसे स्थान हैं, जो इस रेखा पर स्थित है।

प्रसिद्ध खगोलविद् भास्कराचार्य ने पृथ्वी की ***मध्य रेखा का वर्णन इस प्रकार किया है-***
***यल्लोको उज्जयिनी पुरोपरि कुरूक्षेत्रादि***
***देशान् स्पृशत्।***
***सूत्रं-मेरुगतं बुधैर्निगदिता सा मध्यरेखा भुवः।।***

अर्थात, जो रेखा लंका और उज्जयिनी से होकर कुरूक्षेत्रादि देषों का स्पर्ष करती हुई सुमेरू से जाकर मिलती है, उसे भूमि की मध्यरेखा कहते है। इस प्रकार भूमध्य रेखा लंका से सुमेरू तक जाते हुए उज्जयिनी सहित अन्य नगरों को छूती हुई गुजरती है, किंतु वह कर्क रेखा को एक ही स्थान उज्जैन में मिलती है। इसलिए इस स्थान को काल गणना के लिए उपयुक्त माना गया है। अतएव वर्तमान में विश्व की समय गणना के लिए जो महत्व ग्रीन विच को प्राप्त है, वहीं महत्व पुरातन काल से उज्जैयिनी को प्राप्त है।

उज्जैन में प्रतिवर्श 21 जून को दोपहर मनुश्य की परछाईं कुछ पलों के लिए साथ छोड़ देती है। जबकि परछाई हर समय मनुश्य के साथ रहती है। दरअसल 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होता है। इसी दिन दोपहर में सूरज सबसे ऊपर होता है, तब परछाई विशेष खगोलीय स्थिति में आ जाने के कारण लुप्त हो जाती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कर्क और मध्यरेखा का मिलन बिंदु उज्जैन है। अब यहां की प्राचीन वेधशाला में इस अनोखी खगोलीय घटना को देखने के लिए यंत्र की व्यवस्था भी कर दी गई है। चूंकि 21 जून का दिन सबसे लंबा दिन होता है, इसलिए सूरज उत्तरी गोलाध से होता हुआ ठीक कर्क रेखा के ऊपर आ जाता है। इस दिन, दिन सबसे बड़ा होता है, लेकिन रात छोटी होती है। इस दिन की लंबाई 13 घंटे 34 मिनट तक की रिकॉर्ड की गई है। इसीलिए उज्जैन को शून्य (0) रेखांश पर माना गया है। अर्थात जब हमारे ऋृशि कर्क, भूमध्य रेखा और शून्य रेखांश को जानते थे, तब अक्षांश और देशांतर भी जानते थे। इसीलिए केदारनाथ और रामेश्वरम के बीच स्थित सात शिव मंदिर एक सीधी रेखा में बनाया जाना संभव हुआ।

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर 79.0669 डिग्री देशांतर पर स्थित है, इसे अर्द्ध ज्योतिर्लिंग कहते हैं। नेपाल के पशुपतिनाथ शिव मंदिर को मिलाकर यह पूर्ण हो जाता है। इस मंदिर को महाभारत काल में पांडवो ने बनवाया था और फिर आदि शंकराचार्य ने इसकी पूनर्स्थापना की थी। आंध्रप्रदेश के चित्तूर में श्री कालीहस्ती मंदिर को पंचतत्वों में जल का प्रतिनिधि माना जाता है। यह मंदिर 79.6983 डिग्री देशांतर पर स्थित है। एकाम्बेश्वर मंदिर 79.42,00 डिग्री देशांतर पर स्थित है। इस शिव मंदिर को पृथ्वी तत्व की मान्यता प्राप्त है। अरुणाचलेश्वर मंदिर भी चोल राजाओं ने बनवाया था। यह मंदिर 79.0677 डिग्री देशांतर पर स्थित है। जम्बूकेश्वर मंदिर करीब 1800 साल पुराना है। केरल में स्थित थिल्लई नटराज मंदिर 79.6935 डिग्री देशांतर पर स्थित है। इसका निर्माण आकाश तत्व के लिए किया गया है। यह मंदिर महान नर्तक शिव के नटराज रूप को समर्पित हैं। चिदंरबरम में स्थित इस मंदिर की दीवारों पर नृत्य की 108 मुद्राओं का सबसे प्राचीन चित्रण हैं।

रामेश्वरत ज्योतिर्लिंग तमिनलाडू में स्थित है। यह मंदिर 79.3174 डिग्री देशांतर पर स्थित है। भगवान श्रीराम ने रावण की लंका पर चढ़ाई करने से पहले इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी। यह बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के अनुसार इन मंदिरों का निर्माण यौगिक गणना के आधार पर एक सीधी रेखा में इनके निर्माण के कालखंड में संभव हो पाया था। यह भी एक धारणा है कि इन मंदिरों का निर्माण कैलाश मानसरोवर को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उज्जैन के महाकाल से ज्योतिर्लिंगों की दूरी भी अत्यंत सोच-समझकर तीन अंकों की दूरी पर निर्धारित की गई है। उज्जैन से सोमनाथ की दूरी 777 किमी, ओंकारेश्वी की 111, भीमाशंकर 666, काशी विश्वनाथ 999, मल्लिकार्जुन 999, केदारनाथ 888, त्रयंबकेश्वर 555, बैजनाथ धाम 999, रामेश्वरम 1999 और घृश्णेश्वर 555 किमी की दूरी पर स्थित हैं। उज्जैन देश के मानचित्र पर 23.9 अंश उत्तर अक्षांश एवं 74.75 अंश पूर्व रेखांश पर समुद्र तट से लगभग 1658 फीट की ऊंचाईं पर बसा प्राचीन नगर है। हमारे पूर्वजों की यह ऐसी अद्वितीय प्रोद्यौगिकी थी, जिसे आधुनिक उपकरणों एवं संचार उपग्रहों से जुड़ा विज्ञान भी नहीं जान पाया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## स्मृति दिवस- कृष्ण चंदर

# उनका मन हमारी ही फिक्र करता रहेगा



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जम्मू की एक बहुत खूबसूरत घाटी में एक छोटा सा बंगला खुबानी, सेब, चेरी और चीड़ के लहलहाते हुए पेड़ों और रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियों के बीच छोटे-छोटे पत्थर बिछाकर, बनाई हुई एक पगडंडी। पिता का हाथ थामकर, एक बच्चा एक-एक पत्थर पर पैर रखता हुआ, बंगले की ओर चला जा रहा है। दोनों की पीठ दिखाई दे रही है। बच्चे के नन्हे-नन्हे कदम उठते हैं और पत्थर-दर-पत्थर तय करता हुआ बच्चा आगे बढ़ता जाता है, अपने घर की जानिब। ये मंजर है, उस फिल्म का जो तीन बरस पहले महेन्द्र नाथ जी ने कृष्ण जी के जीवन पर बनाई थी। ये बंगला वही पुराना बंगला है, जहां कृष्ण चंदर का बचपन बीता था। अपने पिता का हाथ थामे ये बच्चा कृष्ण के बचपन की निशानी है। वो बचपन जम्मू और कश्मीर की फूलों और फूलों से लदी पहाड़ी, चश्मों, झरनों, हरी-भरी ढलानों और चीड़ और बांस के जंगलों से भरी वादियों में चरवाहों, बंजारनों के पहाड़ी खेतों के दरमियान बीता था। उन वादियों में भटकते हुए इस बच्चे के नन्हे से मन ने सपने देखे थे। इंसान और फितरत के हुस्न से पहली बार रिश्ते जोड़े थे। और वो सपने, वो हुस्न, वो रिश्तों की भीनी-भीनी महक कृष्ण चंदर के कलम में जिंदगी भर बसी रही। उनका मन सदा एक बंजारे का सा भटकता हुआ मन रहा। जो इंसान के दिल का अंदरूनी हुस्न तलाश करता रहा। और जब उसने दुनिया की कड़वी और बेडौल, बदसूरत असलियत देखी, उस माहौल को देखा, जहां इंसान-इंसान का शोषण करता है। जहां गरीबी, लालच और फिरका-परस्ती और सरमायादारियां, प्रभुत्व की पूजा इंसानी रिश्तों में जहर घोल देती है। और जिंदगी की वादी, फूलों और नगमों की वादी न रह कर, आपसी नफरत, अत्याचार, रक्तपात और शोषण का जहन्नुम बन जाती है। तब उनका कलम तड़प उठता है। और वो उस इंसानियत के दर्द पर भरपूर चोट करते हैं।

अपने जिस सृजनात्मक साहित्य से वो उस दौर के सबसे मकबूल हिंदुस्तानी फनकार बने। उन किताबों में इंसान के जाहिरी और अंदरूनी हुस्न के सिलसिले में यही रूमानी रुजहान, फितरत के खुले हुस्न के लिए सपनों भरे अल्हड़पन और असमानता और शोषण से पैदा होने वाली बदसूरती के लिए यही तड़प से भरी मुखालफत एक बड़े प्यारे और पुर-असर आचरण में जाहिर होती थी। जिसे आप हिन्दी कहिए या उर्दू कोई फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि हकीकत में दोनों जुबानें एक ही हैं और उनकी एकत्व का प्रेमचंद के बाद, सबसे बड़ा मेयार कृष्ण चंदर थे। यही वजह है कि कृष्ण चंदर हिंदी पाठकों के भी बहुत ही प्यारे अफसाना निगार हैं। उनके इस तरह चले जाने से हिंदी की दुनिया को भी सूना और उदास कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के करोड़ों पाठकों के हर-दिल-अजीज लेखक तो वो थे ही, दुनिया की चालीस से ज्यादा जुबानों में उनकी कहानियों का तर्जुमा हुआ था। और भारत से बाहर शायद, भारत के सबसे ज्यादा जाने-माने लेखकों में उनका मुकाम सबसे ऊंचा था। पुख़्ता थी उनके दिल की मुहब्बत और नरमी, और दोस्ती, और सपनों में डूबने की आदत। और मैं क्या कहूं कि उन्हें अपने लड़कपन में पढ़कर, उनकी कहानियों के तर्ज़-ए-बयान के मोह में पड़कर, मैंने उनकी जो तस्वीर बनाई थी, वो बड़ी अजीम तो थी ही, लेकिन जब बंबई आकर उन्हें जाना, उनसे करीबी तअल्लुक पैदा हुआ, तो उनकी शख़्सियत की एक-एक परत खुलती गई। इंद्रधनुष के रंगों की तरह।

मुझे कृष्ण भाई और सलमा भाभी से जो मुहब्बत और यकीन, और अपनापन मिला, उसके बारे में तो मैं उस वक्त लिखूंगा, जब मन थोड़ा काबू में आ जाएगा। उनके अचानक चले जाने के दर्द से दर्द दोबारा जी उठेगा। अभी तो न जाने कितनी यादें घर आती हैं, आंखों में आंसूओं की तरह। और आंसुओं के इस झिलमिलाते हुए पर्दे के उस पार नजर आता है, उनका सांवला, भरा-भरा भोला सा चेहरा। जिस पर बारीक प्यार बरसाती हुई मुस्कान। हमेशा हम दोनों के देखते ही खिली जाती थी। न जाने कितनी यादें। मैं, बंबई आया हूं। अकेला, उदास, टूटा हुआ और इस बंबई के विस्तार और भीड़-भाड़ से घबराकर, इलाहाबाद वापस जाने को तैयार हूं कि कृष्ण चंदर से पहली बार मुलाकात होती है। और वो जन्म-जन्म से बिछुड़े हुए बड़े भाई की तरह कंधों पर हाथ रखकर, दिलासा देते हैं कि 'घबराने की जरूरत नहीं। तुम अकेले नहीं हो, बंबई में। मैं जो हूं।' बहुत बाद में पता चलता है कि जिन दिनों वो मुझ पर अपनी ममता की बारिश करके बंबई में मुझे जमा रहे थे, मैं बंबई में जम जाता हूं। और वो लापता हो जाते हैं। कृष्ण भाई के चेहरे पर बेहद खुशी, जोश और सुकून है। कभी दोनों हमारे घर आते हैं। कभी हम उनके यहां जाते और लतीफों में गुजरती शामें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## धार्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण

# महाशिवरात्रि: सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक महत्व



डॉ. सौरभ मालवीय
वरिष्ठ साहित्यकार

पर्व एवं त्योहार भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। ये केवल हर्ष एवं उल्लास का माध्यम नहीं हैं, अपितु यह भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं। इनके माध्यम से ही हमें अपनी गौरवशाली प्राचीन संस्कृति के संबंध में जानकारी प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि भी संस्कृति के संवाहक का ऐसा ही एक बड़ा त्योहार है। शिवरात्रि प्रत्येक मास की अमावस्या से एक दिन पूर्व अर्थात कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है, जबकि महाशिवरात्रि वर्ष में एक बार आती है। यह फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है। शिव पुराण की ईशान संहिता में कहा गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में भगवान शिव करोड़ों सूर्यों के समान प्रभाव वाले लिंग रूप में प्रकट हुए थे-

***फाल्गुनकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो***
***महानिशि। शिवलिंगतयोद्भूतः***
***कोटिसूर्यसमप्रभः॥***

माना जाता है कि इसी दिन प्रलय आएगा, जब प्रदोष के समय भगवान शिव तांडव करते हुए ब्रह्मांड को तृतीय नेत्र की ज्वाला से नष्ट कर देंगे। इसीलिए शिवरात्रि को कालरात्रि भी कहा जाता है। महाशिवरात्रि धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। महाशिवरात्रि के सन्दर्भ में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार अग्निलिंग के उदय के साथ इसी दिन सृष्टि प्रारंभ हुई थी। एक पौराणिक कथा के अनुसार फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भगवान शिव सर्वप्रथम शिवलिंग के स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिवस को भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के प्रकाट्य पर्व को प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है।

एक अन्य कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव का देवी पार्वती के साथ विवाह सम्पन्न हुआ था। यह उनके विवाह की रात्रि है। उन्होंने वैराग्य त्याग कर गृहस्थ जीवन अ पना लिया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट नामक विष को अपने कंठ में रख लिया था। इससे उनका कंठ नीला हो गया था। इसीलिए उन्हें नीलकंठ नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि इस घातक विष के कारण भगवान शिव को ताप चढ़ गया था। इसे उतारने के लिए उनके मस्तक पर बेल पत्र रखा गया, क्योंकि बेल पत्र शीतल गुण वाला होता है। इससे उन्हें संतुष्टि प्राप्त हुई। तभी से शिवलिंग पर बेल पत्र चढ़ाने की परंपरा आरंभ हुई। एक कथा के अनुसार इस रात्रि भगवान शिव ने संरक्षण एवं विनाश के नृत्य का सृजन किया था। इसलिए भी यह रात्रि विशेष है।

महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक महत्त्व

महाशिवरात्रि का वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्व है। माना जाता है कि इस रात्रि ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मानव की आंतरिक ऊर्जा प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है। मान्यता है कि यह ऊर्जा मनुष्य को आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायक सिद्ध होती है। इसलिए इस रात्रि में भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने का अत्यंत महत्त्व है। पूजा के समय भक्त सीधा बैठता है तथा उसकी रीढ़ की हड्डी सीधी होती है। इसके कारण उसकी ऊर्जा उसके मस्तिष्क की ओर जाती है। इससे उसे शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति भी प्राप्त होती है। भगवान शिव का पंचाक्षरी मंत्र ॐ नमः शिवाय है। यह मंत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस मंत्र का संबंध पंच महाभूतों भूमि, गगन, वायु अग्नि एवं नीर से माना जाता है। इस मंत्र का निरंतर जाप करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। इससे मनुष्य का आत्मबल बढ़ता है।

धर्म ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा- अर्चना करने से वे प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। शिवरात्रि का महोत्सव एक दिवस पूर्व ही प्रारंभ हो जाता है। भगवान शिव के मंदिरों में रात्रि भर पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त रात्रिभर जागरण करते हैं एवं सूर्योदय के समय पवित्र स्थलों पर स्नान करते हैं। नदी तटों विशेष कर गंगा के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। स्नान के पश्चात भगवान शिव के मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त शिवलिंग की परिक्रमा करते हैं। तत्पश्चात भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। शिवलिंग का जलाभिषेक अथवा दुग्धाभिषेक भी किया जाता है। शिवलिंग पर जल से जो अभिषेक जाता है, उसे जलाभिषेक कहा जाता है। इसी प्रकार शिवलिंग पर दुग्ध से जो अभिषेक किया जाता है, उसे दुग्धाभिषेक कहा जाता है। मधु से भी शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इसके अतिरिक्त शिवलिंग पर सिंदूर लगाया जाता है एवं सुगंधित धूप जलाई जाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मध्यप्रदेश से गुजरात के दाहोद पहुंची

# आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति को राम मंदिर में नहीं दी एंट्री: राहुल

**एजेंसी** | अहमदाबाद

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार शाम मध्यप्रदेश से गुजरात के दाहोद पहुंची। राहुल गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम के आदिवासी नायक गोविंद गुरु के झालोद के कंबोई धाम में स्थित उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर गुजरात में यात्रा की शुरुआत की। राहुल गांधी ने झालोद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, जाति आधारित जनगणना और अडाणी को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने



मौजूद लोगों से पूछा कि आपने राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव देखा होगा। क्या किसी ने टीवी पर उनका चेहरा देखा?, उन्होंने क्या गलती की थी? सिर्फ आदिवासी होने के चलते उन्हें मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई। मंदिर के अंदर सिर्फ आरएसएस के लोग थे। किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी नजर नहीं आए। अडानी, अंबानी, बॉलीवुड और क्रिकेटर तो आपको दिखाई दे दिए होंगे।

### जाति आधारित जनगणना की मांग

झालोद में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने एक बार फिर देश में जाति आधारित जनगणना की मांग की और कहा कि जाति जनगणना कराई जानी चाहिए। ताकि देश के हर नागरिक को पता चल सके कि उनके हाथ में कितना पैसा है। किस संगठन में कौन है? बजट में भागीदारी कितनी है और इससे दलितों को भी पता चल सकेगा कि उनकी भागीदारी कितनी है?

### देश में एक ही उद्योगपति है गौतम अडाणी

इसके साथ ही राहुल गांधी ने अडानी को लेकर भी केंद्र की मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा, देश में एक ही उद्योगपति है गौतम अडाणी। आप हवाई अड्डों, बंदरगाहों, खनन, बिजली उत्पादन, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, सेब के बागान जहां भी देखेंगे, आपको एक ही व्यक्ति मिलेगा गौमत अडाणी। दो-तीन प्रतिशत लोगों को देश की सारी संपत्ति दी जा रही है।

### आगे ये रहेगा शेड्यूल

आठ मार्च की सुबह यात्रा दाहोद के बस स्टैंड से शुरू होगी और बिरसा मुंडा चौक (लिमखेडा) होकर पिपलोद पहुंचेगी। यहां मॉर्निंग ब्रेक के दौरान करीब आधे घंटे बाद यात्रा फिर शुरू होकर गोधरा पहुंचेंगी। इसके बाद 2 बजे गोधरा बस स्टैंड से शुरू होकर रॉयल होटल पहुंचेगी। इसके अगले दिन यानी कि 9 मार्च की सुबह बोडेली के अलीपुर सर्किल से यात्रा की शुरुआत होगी और फिर नसवाड़ी से होते हुए नर्मदा जिला में प्रवेश करेगी। यहां से यात्रा केवडिया और इसके बाद राजपीपला के अंबेडकर चौक पहुंचेंगी। यहां राहुल गांधी एक सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद यात्रा कुवरपारा होकर नेत्रांग से भरूच में प्रवेश करेगी। भरूच से होते हुए यात्रा शाम को सूरत पहुंचेंगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। वहीं, 10 मार्च को यात्रा सूरत जिले के मांडवी में प्रवेश करेगी, जहां बस स्टैंड पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर बनी सहमति



**मुंबई**। लोकसभा चुनाव के रण में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गुट इंडिया गठबंधन ने भी उत्तर प्रदेश के बाद सीटों का सबसे बड़ा जखीरा रखने वाले महाराष्ट्र को लेकर सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला निकाल लिया है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस पार्टी को महाराष्ट्र में 15 सीटें मिलने वाली हैं। वहीं उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना 23 लोकसभा सीटों पर चुनावी ताल ठोकेगी. शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र की 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाडी भी महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन की साझेदार है। उसे मिलने वाली सीटें शरद पवार गुट की NCP से मिलेंगी। सीट बंटवारे के इस फॉर्मूले पर इंडिया गठबंधन की मुहर लगभग लग गई है।

## मुंबई में शुरू होगी पॉड टैक्सी सर्विस

**मुंबई**। महाराष्ट्र सरकार ने पॉड टैक्सी सर्विस मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में चलाने की घोषणा की है। पॉड टैक्सी एक नया और अत्याधुनिक परिवहन साधन है, जो भविष्य में सार्वजनिक परिवहन के अनुभव को पूरी तरह से बदलने की क्षमता रखता है। पॉड टैक्सी एक स्वचालित, इलेक्ट्रिक वाहन है जो बिना ड्राइवर के चलती है और यात्रियों को तेज़, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाती है। यह पूरी तरह से स्वचालित है, जिसके लिए ड्राइवर की आवश्यकता नहीं होती है। पॉड टैक्सी बिना किसी ट्रैफिक में अटके 50 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चल सकती है। इससे यात्रा का समय कम होता है और लोगों का समय बचाता है।

PM मोदी ने 6400 करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का किया लोकार्पण

# जम्मू-कश्मीर आज खुलकर सांस ले रहा है: प्रधानमंत्री

**एजेंसी** | श्रीनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर रहे। यहां उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं।

पीएम मोदी ने कहा कि ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। आज ये खुलकर सांस ले रहा था। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है।

पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां J&K बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया।

जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है। कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में गुरुवार को प्रधानमंत्री की जनसभा से पहले सुबह बड़ी तादाद में लोग जाते दिखे। भाजपा ने इस कार्यक्रम में 2 लाख लोगों के जुटने का दावा किया।



### युवा के साथ सेल्फी ली, लिखा- बहुत खुश हूं

पीएम मोदी ने X पर लिखा कि मैंने एक दोस्त नाजिम के साथ मेमोरेबल सेल्फी ली। नाजिम जो काम कर रहे हैं, उसने मुझे बहुत प्रभावित किया। जनसभा के दौरान उन्होंने मुझसे सेल्फी लेने का आग्रह किया। उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### पिछले साल यहां 2 करोड़ पर्यटक आए

मोदी ने कहा- जब इरादे नेक हों, संकल्प को सिद्ध करने का जज्बा हो तो फिर नतीजे भी मिलते हैं। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में जी-20 का शानदार आयोजन हुआ। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए। पिछले 10 साल में अमरनाथ यात्रा में सबसे ज्यादा यात्री शामिल हुए। वैष्णो देवी में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड यात्री पहुंचे। स्टार, सेलेब्स और विदेशी मेहमान वादियों में घूमते हैं। वीडियो और रील बनाते हैं, जो वायरल हो रही हैं।

### झील में मरीन कमांडो रहे तैनात

पीएम की जनसभा को लेकर श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। यहां हजारों की तादाद में जवान तैनात थे। लोगों की आवाजाही को रोकने के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। निगरानी के लिए ड्रोन और CCTV कैमरों का इस्तेमाल किया गया। झेलम नदी और डल झील में मरीन कमांडो तैनात किए गए। गुरुवार को होने वाली बोर्ड परीक्षाएं अगले महीने तक के लिए टाल दी गई हैं।

### उमर अब्दुल्ला ने साधा निशाना

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में भीड़ जुटाने के लिए हर संभव कोशिश की है। उमर ने कहा भाजपा अपने दम पर ऐसा करने में काबिल नहीं। उमर ने X पर पोस्ट में लिखा- मीडिया आसानी से यह बताना भूल जाएगा कि वहां कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से शामिल नहीं होगा।

राहुल गांधी की सीट के ऐलान पर बोली स्मृति ईरानी

# अमेठी गांधी परिवार का गढ़ है, तो उम्मीदवार घोषित क्यों घोषित नहीं किया!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

स्मृति ईरानी ने एक बार फिर राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अगर वह दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह चुनाव से पहले ही अमेठी से अपनी हार की घोषणा कर रहे हैं।

कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के दो सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों पर केंद्रीय मंत्री और अमेठी से बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने फिर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि अमेठी गांधी परिवार का गढ़ है, उन्हें उम्मीदवार घोषित करने में इतना समय क्यों लग रहा है? उनके आत्मविश्वास की कमी बताती है कि अमेठी अब कांग्रेस का गढ़ नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर वह दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह चुनाव से पहले ही अमेठी से अपनी हार की घोषणा कर रहे हैं। मैंने कहा था कि अगर उनके नेता में हिम्मत है, तो बिना मायावती, अखिलेश यादव के सहारे के अकेले सिर्फ अमेठी से चुनाव



लड़के क्यों नहीं दिखाते। इसी से दूध का दूध पानी का पानी होगा। इससे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कहा था कि ये पार्टी अमेठी से अपना प्रत्याशी घोषित करने का साहस नहीं जुटा पा रही हैं, उससे जाहिर होता है कि उन्हें पराजय का डर है। उन्होंने कहा, "मुझे फिलहाल यह नहीं मालूम है कि कौन चुनाव लड़ेगा, लेकिन जिस तरीके से कांग्रेस के लोग यहां से प्रत्याशी घोषित करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं उससे प्रतीत होता है कि उन्हें अमेठी की शक्ति और पराजय का डर सता रहा है। यही उनकी हार का स्पष्ट संकेत है।'' उन्होंने राहुल गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा, "मैं वर्ष 2014 में अमेठी की राजनीति में आई, लेकिन मैं नामदारों से चुनाव हार गई थी।

कांग्रेस में काफी अपमान सहना पड़ा

# केरल के पूर्व सीएम की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल भाजपा में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा दक्षिण भारत में अपनी स्थिति को मजबूत करने में लगी है। दक्षिण भारत में कांग्रेस के और सिपाही ने हथियार डाल दिए हैं। कांग्रेस के दिवंगत नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। पद्मजा ने संवाददाताओं से कहा कि उनके मन की पीड़ा कांग्रेस छोड़ने पर उन्हें मजबूर कर रही है। पद्मजा का कहना है कि उन्हें कांग्रेस पार्टी



के अंदर काफी अपमान सहना पड़ा है और वह दुखी होकर पार्टी छोड़ रही हैं। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में शामिल होने के लगभग एक साल बाद केरल के कद्दावर नेता की बेटी के भाजपा में शामिल होने के कई मायने हैं। भाजपा ने पहली लिस्ट में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को केरल के तिरुवनंतपुरम से मैदान में उतारा है। यह सीट तीन बार से वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर की हाई-प्रोफाइल सीट है। वहीं कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भी केरल के पथानामथिट्टा से चुनाव लड़ेंगे। अब पद्मजा का पार्टी से जुड़ना दक्षिण भारत के नेताओं को भाजपा के प्रति विश्वास को उजागर कर रहा है।

इंडिया और एनडीए से अलग साथी तलाश रही मायावती

# बसपा की BRS से गठबंधन की तैयारी

**एजेंसी** | लखनऊ

बसपा इंडिया और एनडीए गठबंधनों से लगातार दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन इनसे अलग लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे दलों का साथ तलाश रही है। इसी कड़ी में तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के साथ बसपा गठबंधन की तैयारी है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार और केसीआर की बात हो चुकी है। सीटों पर सहमति बनते ही बसपा प्रमुख मायावती इस बारे में अंतिम फैसला लेंगी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव



में भी बसपा ने छत्तीसगढ़ और एमपी में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन किया था। इस समय हरियाणा में भी इनेलो से बात चल रही है, जिससे पक्ष-विपक्ष के कोर गठबंधनों से इतर अपनी जमीनी तैयार की जा सके।


**तेलंगाना में जीती थी मात्र दो सीटें**: तेलंगाना में 2014 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में केसीआर की पार्टी सत्ता में आई थी। 1.40% वोट के साथ दो सीटें बसपा को भी मिली थीं। 2018 के चुनाव में बसपा को 2.10% और 2023 में 1.38% वोट मिले थे, लेकिन खाता नहीं खुला। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में 0.85% वोट मिले थे। केसीआर की पार्टी 18 में फिर सत्ता में आई और 19 के संसदीय चुनाव में उसे 17 में 9 सीटें मिलीं। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव में 39 सीटें ही जीत पाई और सत्ता से बाहर हो गई, इसलिए बीआरएस भी लोकसभा चुनाव के पहले साथी तलाश रही है।

पाकिस्तान-चीन पर गरजे राजनाथ सिंह

# किसी पर नहीं करेंगे हमला, मगर हुआ तो देंगे मुंहतोड़ जवाब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हम किसी भी देश पर हमला नहीं करेंगे। किसी की एक इंच जमीन भी नहीं लेंगे। अगर भारत पर समुद्र (जल), धरती (थल) या आसमान (नभ) के रास्ते हमला होता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देने की स्थिति में हैं। सिंह ने ये भी कहा कि हम किसी भी समय, शांतिकाल में भी युद्ध के लिए तैयार हैं। नरेंद्र मोदी सरकार भारत और भारतीयों की क्षमताओं पर भरोसा करती है, जबकि पहले की सरकारें इस मुद्दे पर उलझन में रहती थीं। राजनाथ



सिंह ने ये बातें एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कही। हालांकि उन्होंने भाषण में दोनों देशों का जिक्र किए बिना उन्हें चेतावनी दी। 2019 में पुलवामा हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए हैं। वहीं, चीन के साथ लंबे समय से लद्दाख और पूर्वोत्तर (सिक्किम, अरुणाचल) में विवाद बना हुआ है। जून 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों की घुसपैठ रोकने की कोशिश में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे।

### रक्षा के क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं : राजनाथ

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल (2014-19) में राजनाथ सिंह गृहमंत्री थे, मोदी 2.0 में राजनाथ रक्षामंत्री हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि हमने डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री अफेयर्स (DMA) से लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) का गठन किया है। कई हथियार अब भारत में बनाए जाने लगे हैं, जिसकी लंबी लिस्ट है। इस आत्मनिर्भरता से रक्षा क्षेत्र मजबूत हुआ है। हम मिलिट्री के मॉडर्नाइजेशन और देश के रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। राजनाथ के मुताबिक, जब से हमारी सरकार आई, तब से हमारा फोकस मिलिट्री के आधुनिकीकरण और हथियारों के निर्माण में आत्मनिर्भरता की तरफ था।

### युवाओं पर हमें भरोसा है: रक्षामंत्री

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा युवा एक कदम चलेगा तो सरकार 100 कदम बढ़ाएगी और वो 100 कदम चलेंगे तो हम 1000 कदम आगे बढ़ेंगे और ये हमारा संकल्प है। जब हम कहते हैं, हमें अपने युवाओं पर विश्वास है तो मैं इसे बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने कहा कि आज पारंपरिक युद्ध का तरीका बदल चुका है। तकनीक केवल अमीर देशों की नहीं रह गई है। जनरल पांडे के मुताबिक स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का काम तेजी से चल रहा है। सभी सेक्टर को जिम्मेदारी से काम करना होगा। कोर कैपेसिटी को डेवलप करना बेहद जरूरी है।

गृह मंत्री अमित शाह बोले

# पीएम मोदी 10 साल और प्रधानमंत्री रहेंगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले 10 साल देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। एक निजी चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के काम को पूरा देश बेहद पसंद करता है। हमारी सरकार ने पिछले 10 सालों में बेहतरीन काम किया है।

हमने देश को आगे ले जाने के लिए पिछले 10 सालों में जितना काम किया है, उसे देखते हुए अगले 10 सालों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले। वो देश की अगुवाई करते रहेंगे और अगले 10 साल तक वो प्रधानमंत्री बने रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब भारत देश में डायनमिक डेमोक्रेसी है।

देश की जनता काम को देखकर फैसले करती है। पहले जाति-धर्म पर वोटिंग होती थी, लेकिन मोदी जी ने परफॉर्मेंस बेस्ड डेमोक्रेसी को बढ़ाया है। अब देश की जनता ही हमारे काम को देखकर फैसला करेगी। हम पैदा हो रही बुराइयों को कंट्रोल नहीं कर पाएँगे, तो हम भी विपक्ष में बैठेंगे, लेकिन अगले दस साल तक तो मोदी जी हैं।

## जरूरी खबर

### 11 से 13 मार्च तक बारिश का रहेगा जोर

**नई दिल्ली।** देश में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 11 से 13 मार्च तक हल्की बारिश और हिमपात होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के आसपास के मैदानी इलाकों में 12 और 13 मार्च को हल्की बारिश का भी अनुमान जताया है।आईएमडी के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 10 और 12 मार्च की रात के दौरान देश के उत्तर पश्चिम क्षेत्र को प्रभावित करने के आसार हैं। जिसके प्रभाव से जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और कुछ हिस्सों में छिटपुट मध्यम वर्षा और हिमपात होने का अनुमान है। उत्तराखंड में 10 से 12 मार्च के दौरान छिटपुट बारिश और हिमपात का अनुमान है। आईएमडी ने इस क्षेत्र में 13 और 14 मार्च को हल्की बारिश और हिमपात के साथ अलग-अलग स्थानों पर तूफान और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

### अगले साल मार्च तक दिल्ली में फ्री मिलेगी बिजली



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत दी है। दरअसल, गुरुवार को हुए कैबिनेट की बैठक में दिल्ली सरकार ने लोगों के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान किया है। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत दी है। कैबिनेट की बैठक में दिल्ली सरकार ने लोगों के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान किया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 'मुझे आज के कैबिनेट बैठक के बारे में बताते हुए खुशी हो रही है।

### यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा अब जुलाई में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) 2024 की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अब परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। आयोग ने नोटिस में कहा, सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा ( प्रा. ) परीक्षा 2024 के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा प्रश्नगत परीक्षा 17 मार्च, 2024 को प्रस्तावित थी, उक्त परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। प्रश्नगत परीक्षा जुलाई में संभावित है, जिसकी सूचना यथा समय दी जाएगी।

## विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर



*श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहे। 'विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर' कार्यक्रम के तहत युवा उद्यमियों से मुलाकात के दौरान मोदी ने जम्मू कश्मीर के स्थानीय उत्पादों से लेकर युवाओं के उद्यमों तक की जानकारी ली। पांडाल में लगाई गई स्टॉल्स पर मोदी ने युवाओं के उत्पादों को गंभीरता से देखा, समझा और बिजनेस बढ़ाने के सुझाव दिए।*

**आज आएगी कांग्रेस के प्रत्याशियों की पहली सूची**

# वायनाड से ही चुनाव लड़ेंगे राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुरुवार कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लकिार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। सीईसी की बैठक में विभिन्न स्कीनिंग कमेटी की ओर से भेजे नामों में से उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई गई।

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव से भूपेश बघेल और कोरबा सीट से ज्योत्सना महंत के नाम तय हुए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची कल जारी हो सकती है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली की तीन सीटों पर नाम तय नहीं हो पाए हैं। समिति की अगली बैठक 11 तारीख को हो सकती है। कांग्रेस की पहली लिस्ट में छत्तीसगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम और मणिपुर की सीटों पर नाम तय होने की की संभावना है।



### 30 लाख नौकरी देने का वादा

गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज राजस्थान में प्रवेश कर गई। यात्रा ने रतलाम (मध्य प्रदेश) के सैलाना से बांसवाड़ा के दानपुर में एंट्री ली। राहुल राजस्थान के बॉर्डर तक खुली जीप में पहुंचे। यहां से वे जीप में ही बांसवाड़ा शहर आए। यहां करीब 20 मिनट तक रोड शो के बाद गोविंद गुरु सरकारी कॉलेज के खेल मैदान में जनसभा में राहुल ने कहा- दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक युवा कुली मिला। उसने मुझे बताया- मैं सिविल इंजीनियर हूं और कुली का काम कर रहा हूं। आज मैं आपको बताना चाहता हूं कि सरकार में आने के बाद हमारा पहला काम होगा वंचित वर्ग को 30 लाख नौकरी देना। राहुल ने हर ग्रेजुएट युवा को ट्रेनिंग और हर साल एक लाख रुपए देने की बात भी कही। इससे पहले जनसभा में हल देकर राहुल का स्वागत किया गया।

### पिछला चुनाव अमेठी से हारे थे

तेलंगाना और केरल के लिए सीईसी की बैठक खत्म हो चुकी है और बाकी राज्यों के लिए अभी भी बैठक जारी है। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अध्यक्षता वाली कांग्रेस घोषणापत्र समिति ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक मसौदा घोषणापत्र तैयार किया था। लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी और वायनाड दो सीटों पर चुनाव लड़े थे। अमेठी सीट पर उन्हें मौजूदा केंदीय मंत्री स्मृति ईरानी से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं वायनाड सीट पर राहुल गांधी ने जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पिछले सप्ताह बीजेपी की ओर से 195 उम्मीदवारों की घोषणा की गई थी। बीजेपी की ओर से जारी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में 28 महिलाओं और 47 युवा उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।

### आज आ सकती है कांग्रेस की पहली लिस्ट

कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव से भूपेश बघेल और कोरबा सीट से ज्योत्सना महंत के नाम तय हुए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची कल जारी हो सकती है। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में दिल्ली की तीन सीटों पर नाम तय नहीं हो पाए हैं। समिति की अगली बैठक 11 तारीख को हो सकती है। कांग्रेस की पहली लिस्ट में छत्तीसगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, लक्षद्वीप, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम और मणिपुर की सीटों पर नाम तय होने की की संभावना है।

**संदेशखाली मामला**

# हाई कोर्ट ने ममता सरकार से पूछा शाहजहां अब तक प्रधान क्यों !



एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कथित भूमि कब्जा और महिलाओं के यौन उत्पीड़न मामले में 6 साल से निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख को दो दिन के हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद सीबीआई के हवाले कर दिया गया है। गुरुवार को एक बार फिर शाहजहां शेख प्रकरण पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सुनवाई की। हाई कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि शाहजहां शेख अभी तक जिला परिषद का प्रधान क्यों बना हुआ है? मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने शेख के वकील सब्यसाची बनर्जी से पूछा, "क्या शाहजहां शेख को जिला परिषद के प्रमुख के पद पर बने रहना चाहिए?" इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने कहा कि शाहजहां शेख पहले से ही तृणमूल कांग्रेस से निलंबित हैं। लेकिन, पीठ इस जवाब से बहुत आश्वस्त नहीं दिखी और मामले को 4 अप्रैल के लिए टाल दिया है। हालांकि तब तक हाई कोर्ट ने महाधिवक्ता से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि शाहजहां शेख को अगली सुनवाई तक अपनी शक्तियों का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाए।

# चुनाव नहीं लड़ूंगीं, दो साल गंगा मैया के लिए लगाऊंगी: उमा

एजेंसी | भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। उमा ने गुरुवार को भोपाल स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में वरिष्ठ नेता से चर्चा हुई थी। उन्होंने तभी दो साल तक कोई चुनाव न लड़ने का निर्णय कर लिया था। अगले दो साल अपने आप को गंगा जी के कार्य में झोंकना चाहती हूं। उमा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को मेल कर स्पष्ट किया है



कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी, जरूरत पड़ने पर चुनाव प्रचार करूंगी। यदि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा साफ नहीं करेंगे तो मैं पत्र सार्वजनिक करूंगी। उमा ने आगे कहा कि उम्र में पीएम मोदी से छोटी हूं, लेकिन पार्टी में ज्यादा वरिष्ठ हूं। अंतिम समय तक राजनीति करूंगी, बीजेपी में रहूंगी। उमा भारती ने कहा कि मैं अभी चुनाव लड़ी तो संसदीय क्षेत्र का निर्वाहन और गंगा के कार्य का मेल नहीं हो पाएगा। मुझे दो साल के लिए पूरी स्वतंत्रता चाहिए। गंगा के कार्य को पूर्ण करने के लिए मैं अपने आप को झोंक दूंगी। क्योंकि गंगा को लेकर जाति, समुदाय या राजनीतिक दलों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पूरी विश्व विरादरी एक है।

**आबकारी नीति मामले में दिए आदेश**

# 16 मार्च को पेश हों अरविंद केजरीवाल : कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

बहु चर्चित आबकारी नीति मामले में रॉउज एवेन्यू कोर्ट ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दाखिल की गई अर्जी पर कोर्ट ने सभी आरोपियों से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख मुकर्रर की गई है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि ईडी के समन का पालन न करने के कारण अरविंद केजरीवाल पर प्रथम दृष्ट्या आईपीसी की



धारा 174 का मामला बनता है। ऐसे में कोर्ट के पास इस बात के पर्याप्त आधार हैं कि वो केजरीवाल को समन जारी करे। ईडी की एप्लीकेशन पर कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का समन भेजा। कोर्ट में दाखिल अपनी अर्जी में ईडी ने सभी आरोपियों से सहयोग करने और ट्रायल में बिना वजह देरी ना करने का आदेश दिए जाने की मांग की है।

ईडी ने ये भी आरोप लगाया है कि आरोपियों द्वारा जानबूझकर मामले में अड़ंगा लगाया जा रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने इस पर भी कोर्ट से सभी आरोपियों को निर्देश देने की मांग की है। सुनवाई के दौरान आरोपियों के वकीलों द्वारा दस्तावेजों की जांच के लिए समय मांगने पर ईडी के वकील ने कहा कि ट्रायल में देरी की कोशिश की जा रही है। इसको लेकर ईडी ने अदालत में एक शिकायत अर्जी दी है कि कोर्ट आरोपियों को जांच में सहयोग और ट्रायल में देरी ना करने का निर्देश दे।

ईडी ने कोर्ट को बताया कि एक आरोपी को दी गई CCTV फुटेज का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने गलत तरीके से जांच एजेंसी ED को बदनाम करने के लिए किया। पार्टी ने मीडिया को गलत जानकारी दी।

**एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा**

# राष्ट्रीय पार्टियों की 82% इनकम का सोर्स पता नहीं

एजेंसी | नई दिल्ली

द एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। रिपोर्ट में कहा कि देश के राजनीतिक दलों की 82% आय का स्रोत पता नहीं है। ये रकम 2022-23 में इलेक्टोरल बॉन्ड से जुटाई गई। ये जानकारी चुनाव आयोग को दी गई जानकारी में सामने आई है।

पार्टियों ने चुनाव आयोग को वित्तीय वर्ष 2022-23 की फाइनेंशियल रिपोर्ट सौंपी थी। ADR ने इसका एनालिसिस किया। इसके मुताबिक राजनीतिक दलों को अज्ञात स्रोतों से 1,832.88 करोड़ रुपए की आय




हुई। इसमें से इलेक्टोरल बॉन्ड से इनकम का हिस्सा 1,510 करोड़ रुपए (82.42%) था। एडीआर ने ये भी कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों की ऑडिट रिपोर्ट के एनालिसिस और चुनाव आयोग में पार्टी द्वारा दिए गए डोनेशन स्टेटमेंट में पता चलता है कि बड़ी रकम अज्ञात स्रोतों) से आई। एडीआर ने जिन 6 पार्टियों की इनकम का अध्ययन किया, उनमें भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, सीपीआई-एम, बसपा, आम आदमी पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी हैं।

### इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला डोनेशन हाईलाइट किया

एडीआर के मुताबिक, कांग्रेस और सीपीआई-एम ने संयुक्त रूप से अपनी इनकम 136.79 करोड़ बताई है। दोनों पार्टियों ने कहा कि ये रकम कूपन बेचकर जुटाई गई है। यह राशि अज्ञात स्रोतों से मिले कुल डोनेशन का 7.46% है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि राष्ट्रीय पार्टियों को जो डोनेशन इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला, उसे हाईलाइट किया गया है। राज्य स्तर के दलों को भी इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए पैसा मिला। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर रोक लगाई थी। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी इलेक्शन कमीशन को देने के लिए 6 मार्च 2024 तक का समय दिया था।

### SBI ने 30 जून तक की मोहलत मांगी

भारतीय स्टेट बैंक ने राजनीतिक दलों के इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने SBI को 6 मार्च तक चुनाव आयोग को जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। SBI ने कोर्ट में आवेदन दायर करके कहा कि उन्हें डिटेल निकालने के लिए समय चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।

# ज्ञानवापी: महाशिवरात्रि पर रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा

एजेंसी | लखनऊ

महाशिवरात्रि पर विश्वनाथ धाम के गेट नंबर चार तथा मैदागिन-गोदौलिया मार्ग पर विशेष सुरक्षा रहेगी। जुमा की नमाज के कारण सुबह 11 बजे के बाद नमाजी ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचने लगेंगे। लिहाजा कोई असहज स्थिति न बने इसके लिए सुबह से ही कड़ी निगरानी रहेगी।

गेट नंबर चार पर किसी को अनावश्यक रुकने नहीं दिया जाएगा। ड्रोन से भी नजर रहेगी। ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के कारण जुमा की नमाज पर यहां पहले से ही कड़ी निगरानी रहती है। दक्षिणी तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद पहली बार जुमा पर ही महाशिवरात्रि पड़ रही है। लिहाजा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले ही खाका खींच लिया है। सुबह से ही मैदागिन और गोदौलिया पर बैरिकेडिंग के अलावा बुलानाला, नीचीबाग, चौक, दालमंडी के पास, मणिकर्णिका द्वार, बांसफाटक, शापुरी मॉल के पास बैरिकेडिंग रहेगी। मैदागिन-गोदौलिया मार्ग के संपर्क मार्गों पर भी बैरियर लगा दिये गये हैं। श्रद्धालुओं को बैरिकेडिंग से ही धाम में भेजा जाएगा। निकासी बैरिकेडिंग के बाहर से है। नमाजी भी कतारबद्ध हो मस्जिद में जाएंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच निकासी कराई जाएगी। डीसीपी काशी जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि और जुमा को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं।

## पीपीएल: फाइनल मुकाबले में फर्स्ट इंडिया ब्ल्यू के खिलाफ शानदार प्रदर्शन

# सच बेधड़क बना उप-विजेता




**बेधड़क.जयपुर।** प्रेस प्रीमियर लीग-2024 (पीपीएल) में सच बेधड़क टीम लगातार दूसरी बार उप-विजेता बनी और अपने उच्च स्तरीय खेल को जारी रखा। सच बेधड़क के कप्तान कार्तिक शर्मा और सलामी बल्लेबाज ऑल राउंडर शुभम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दर्शाया और इसी कारण शुभम को मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। फाइनल मैच के बाद हुई प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा ने सभी मैचों के मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और विजेता-उपविजेता की ट्रॉफी दी। इससे पहले विधायक कालीचरण सराफ ने मैदान में प्लेयर्स मुलाकात की। वहीं फर्स्ट इंडिया ब्ल्यू ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



### शुभम मैन ऑफ दी सिरीज

फर्स्ट इंडिया ब्ल्यू ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया और सच बेधड़क के सलामी बल्लेबाज कार्तिक शर्मा और शुभम पाटिदार ने ओपनिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 142 रन बनाएं। फर्स्ट इण्डिया ब्लू ने 15.4 गेंद खेलते हुए 8 विकेट से फाइनल मुकाबला जीत लिया। लीग में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम पाटिदार को मैन ऑफ दि सिरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### अतिथियों ने किया प्रोत्साहित

मुख्य अतिथि पवन अरोडा ने कहा, कि स्ट्रेस भरे माहौल में खेलों से मीडियाकर्मियों में ऊर्जा का संचार होता है। लीग संयोजक व महासचिव रामेन्द्र सोलंकी को आयोजन के लिए बधाई दी। वहीं सराफ ने कहा, कि खेलेंगे पत्रकार तो बढ़ेगा देश। मीडिया देश का चौथा स्तंभ है। चौथे स्तंभ में उत्कृष्ट खिलाड़ी देखने को मिल रहे हैं, जो काबिले तारीफ है। उन्होने अध्यक्ष राधारमण शर्मा व सोलंकी को तो भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जीत मल पंचारिया ने खिलाड़ियों को मोटिवेट किया।



### विमल ने दिलाया टीम को ब्रेक थ्रू

सच बेधड़क की ओर से गेंदबाजी करते हुए सबसे पहला विकेट ऑल राउंडर विमल सिंह तंवर ने लेते हुए ब्रेक थ्रू दिलाया। इसके बाद शुभम पाटिदार ने भी सधी हुई गेंदबाजी करते हुए एक विकिट झटका।

### 16 टीमों के बीच हुआ मुकाबला

गौरतलब है, कि लीग में प्रमुख समाचार पत्रों की 16 टीमों ने भाग लिया। 20 फरवरी से लीग आरसीए ग्राउण्ड व के. एल. सैनी स्टेडियम में हुई। सभी मैन ऑफ द मैच प्लेयर को 500-500 रूपए दिए गए। अभय जोशी ने बताया, कि विजेता को 5100 और उप-विजेता टीम को 3100 रुपए का नगद पुरुस्कार दिया गया।

## युवाओं ने बिखेरे फैशन के रंग



**बेधड़क. जयपुर।** सेंट विल्फ्रेड पी जी कॉलेज में आयोजित 3 दिवसीय इंटर कॉलेज फेस्ट पनाश के अंतिम दिन फैशन शो व नृत्य प्रतियोगिता में 40 से ज्यादा कॉलेज के युवा झूमे। उन्होंने फैशन शो व डांस की विभिन्न फॉर्म्स में परफॉर्म कर रंग जमा दिया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को विनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. फरीदा हासनी व कल्चरल को-ऑर्डिनेटर डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा ने आभार जताया।

## पेंसिल पोर्ट्रेट्स प्रदर्शनी आज से

**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल वुमंस डे पर वीकेयर की ओर से चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान चित्रकार संदीप वर्मा द्वारा चित्रित पेंसिल पोर्ट्रेट्स आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलरी में प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन राजस्थान की डिप्टी चीफ मिनिस्टर दिया कुमारी सुबह 11:15 बजे करेंगी।

## एहसास-5 में सिंगर्स देंगे प्रस्तुति



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर कल्चरल सोसायटी की ओर से रविवार को स्व. आनन्द गंगवार की तृतीय पुण्यतिथि पर संगीतमय शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पोस्टर रीविल किया गया। "एहसास-5' "अगर तुम न होते" नाम से होने वाली सगीतमय शाम कार्यक्रम की थीम बर्मन 2 बर्मन रखी गई है, जिसमें संगीतकार एस डी बर्मन और आर डी बर्मन के संगीतबद्ध किए गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। जे सी एस की अध्यक्ष कंचन आनन्द ने बताया, कि मुकेश व संजय चन्दनानी के सानिध्य में सी एस के सिंगर्स सदाबहार युगल तराने प्रस्तुत करेंगे। उद्यमी नरेन्द्र सिंह मेहता, अभिनेत्री उषाश्री सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# City इवेंट्स

## दौड़ लगाकर पहुंचे अयोध्या और किए दर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** राम भक्त जयपुर निवासी गौरव सोनी ने बड़ी चोपड़ा स्थित गणेश मंदिर से 22 फरवरी से दौड़ लगाते हुए 1 मार्च को अयोध्या स्थित भगवान रामलला के दर्शन किए। प्रभु रामलला से देश को खुशहाल व शक्तिशाली बनाने की प्रार्थना भी की गई। जयपुर से अयोध्या रामलला तक की दूरी लगभग 725 किलोमीटर है। सोनी रोजाना लगभग 80 किलोमीटर दौड़ लगाते। यात्रा मार्ग में युवा धावक गौरव सोनी का जगह-जगह फूलों से लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने पहले रात्रि विश्राम सिकंदरा चौराहे पर किया। यात्रा के 90 दिन अयोध्या पहुंचकर प्रभु रामलाल के भव्य मंदिर में दर्शन कर अभिभूत हुए।

## वागेश्वरी महोत्सव में आज से महिला कलाकारों की होंगी प्रस्तुतियां

**बेधड़क. जयपुर।** इंटरनेशनल वुमंस डे पर जवाहर कला केन्द्र की ओर से 10 मार्च तक 3 दिवसीय वागेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महिला कलाकारों की प्रस्तुतियां संगीत, नाट्य, दृश्य कला और साहित्य की सुगंध से सराबोर करेंगी। पहले दिन 8 मार्च को रंगायन में शाम 6.30 बजे से 'तत् अवनद्य प्रस्तुति'में तबला गर्ल के नाम से मशहूर कोलकाता की रिम्पा शिवा, राजेंद्र बनर्जी के सुरीले नगमा वादन पर एकल तबला वादन प्रस्तुत करेंगी। देश की प्रथम महिला संतूर वादक उज्जैन की डॉ. वर्षा अग्रवाल और रिंपा शिवा सुर, लय और ताल की समावेशित प्रस्तुति देंगे। शाम 3:30 बजे भारतीय शास्त्रीय संगीत में महिला वादकों का योगदान 'पुरातन से नूतन'विषय पर डॉ. वंदना कल्ला, डॉ. वंदना खुराना विचार रखेंगी, डॉ. गायत्री शर्मा मॉडरेटर रहेंगी। महोत्सव के तहत 12 मार्च तक सुबह 11 से शाम 5 बजे तक महिला चित्रकार शिविर का आयोजन होगा।

## "विकट कवि" में बाल नाटक होगा खास



**बेधड़क. जयपुर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर एंड परफॉर्मिंग आर्ट सोसायटी जयपुर और आरोहिणी कथक नृत्य अकादमी जयपुर की ओर से शुक्रवार को फनगामा राष्ट्रीय बाल नाटय समारोह में प्रस्तुति "विकट कवि" बाल नाटक का मंचन रंग-उमंग पटना द्वारा सत्य प्रकाश के निर्देशन में होगा। आरोहिणी कथक और नृत्य संस्थान बजाज नगर में शाम 6:30 बजे से होने वाले कार्यक्रम में कला प्रेमी हिस्सा लेंगे। नाटक तेनाली राम की कहानी पर आधारित है। इसमें रंग उमंग संस्था पटना के 20 बाल और किशोर कलाकार अभिनय करेंगे। वर्तमान में जहां शिक्षा में नैतिक शिक्षा शून्य हो गई है ऐसे में इस बाल नाटक विकट कवि का सभी दर्शकों के लिए नैतिक शिक्षा विषय में अहम भूमिका निभाएगा। नाटय प्रस्तुति से पहले महिला दिवस के उपलक्ष्य में कुछ महिलाओं का क्यूरियो द्वारा सम्मान किया जाएगा, जो बाल रंगमंच की प्रेरणा बनेगा।

### महिलाओं के लिए विशेष प्रोग्राम का आयोजन

## कविताओं से फिक्की फ्लो की लेडीज मैंबर्स को किया हील




**बेधड़क | जयपुर**

फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की ओर से महिलाओं के लिए विशेष प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मैंबर्स ने शामिल होकर चेयरपर्सन नेहा धड्डा के साथ एक सुंदर काव्य विराम का आयोजन किया। महिला दिवस के अवसर पर नायब मिधा काव्य कलाकार ने जर्नी शेयर की। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से लोगों को हील करने में विश्वास दर्शाया। रचनात्मक कविता सत्र के दौरान उन्होंने कई रोचक बातें बताईं। नेहा ढड्डा ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए आउटरीच कार्यक्रमों, व्यवसाय-उन्मुख कार्यशालाओं, ग्लैमर और लगभग सभी शैलियों को छूने का अद्भुत प्रयास को शेयर किया। फिनाले कार्यक्रम में एक साल की खूबसूरत यात्रा की झलक देखने को मिली, जिसे सभी फ्लो सदस्यों के लिए एक वीडियो प्रस्तुति के रूप में संकलित किया गया। सुहावने मौसम और कविता का आनंद लेने के लिए आउटडोर में कार्यक्रम की योजना सोच-समझकर बनाई गई। नायाब की कविताओं ने अद्भुत ढंग से स्त्री की भावनाओं, शक्ति और उसके संघर्षों का मंचन किया। पिछले अध्यक्षों और वर्तमान टीम 2023-24 को समर्थन के लिए सम्मानित किया गया।

### श्री रूप नारायण फाउन्डेशन की ओर से आयोजन

## मेडल्स देकर समाज की प्रबुद्ध लोगों को किया सम्मानित



**बेधड़क | जयपुर**

नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष महावीर टेलर को सिल्वर मेडल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री रूपनारायण छीपा फाउन्डेशन की ओर से जयपुर के माहेश्वरी भवन में कलराज मिश्र की अध्यक्षता में श्री नामदेव टांक क्षत्रिय समाज के उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए संस्था द्वारा उद्देश्यों के प्रति भावित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में स्वर्ण तथा रजत पदक दिए गए। अन्य क्षेत्रों में अनुराग रूनवाल, कुंज बिहारी छिपा, सुनील टांक, शकुन्तला टेलर, गुंजन नेगी, अरविंद अपूर्वा, आर. डी. रोहिला, सत्यनारायण ऊटवाल, अशोक गोठरवाल, आशा नामा, जगदीश परिहार आदि को सम्मानित किया गया। शिक्षा कला व साहित्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शांति संवर्धन, उद्यमिता, शिक्षण, यूनिवर्सिटी, तकनीकी संस्थानों से मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता, खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में प्रादेशिक, राष्ट्रीय, पदक विजेता और अन्य उल्लेखनीय योगदान के लिए सिल्वर पदक व प्रशस्ति पत्र से समारोह में सम्मानित किया। साथ ही अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा द्वारा उपस्थित सभी को दुप्पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य संयोजक मुकेश छीपा ने बताया 30 प्रतिभाओं को सम्मान दिया गया।

**रोमांच** पुणे से एक्सचेंज स्कीम के तहत जयपुर आया बिग केट्स

# जयपुराइट्स करेंगे बाघिन भक्ति के दर्शन

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स और प्रदेश के वाइल्ड लाइफ लवर्स के लिए गुड न्यूज है, क्योंकि अब उनको पुणे के राजीव गांधी जूलॉजिकल पार्क से लाई गई बाघिन भक्ति को देखने और जानने का मौका मिलेगा।

इसके लिए 45 घंटे का सफर कर जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क बाघिन लाई गई। जहां वन विभाग के अधिकारियों की देखरेख में बाघिन भक्ति को फिलहाल 21 दिनों तक क्वारंटाइन रखा जाएगा। इसके बाद बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर शिवाजी के साथ टाइग्रेस का जोड़ा बनाने की कोशिश की जाएगी। इसके बाद दोनों को शुरू होने वाली टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा। इससे पहले मंगलवार को टीम बाघिन को लेकर जयपुर के लिए रवाना हुई थी। जयपुर से महाराष्ट्र के पुणे स्थित राजीव गांधी जूलोजिकल पार्क गई वन विभाग की टीम बाघिन को लेकर मंगलवार को रवाना हुई थी, जो गुरुवार को यहां आई। बाघिन की उम्र करीब साढ़े सात साल है। उप-वन संरक्षक (वन्यजीव) चिड़ियाघर जयपुर जगदीश गुप्ता ने बताया, कि वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर के नेतृत्व में टीम पुणे भेजी थी।



### एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत लाई गई बाघिन

गौरतलब है, कि एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत राजीव गांधी जूलोजिकल पार्क को दो मादा और एक नर वुल्फ-एक मादा दिया गया है। इससे पहले भी देश के अलग-अलग हिस्सों से एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कई एनिमल लाए जा चुके हैं।

## जयपुराइट्स ने किया ग्रीनरी लाने का प्रयास

**जयपुर।** टीम-10 विद्याधर नगर के सेक्टर 7 के अग्रसेन हॉस्पिटल के पास की ग्रीन बेल्ट में पौधा रोपण और श्रमदान किया गया। वहीं दूसरे ग्रुप ने बड़े टैंकर से पानी डालकर पौधों की संभाल की। तीसरा ग्रुप विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाकर लाया। इसके लिए सुबह 6.15 से 10.30 बजे तक टीम ने विभिन्न जगहों पर काम किया। इस दौरान 23 लेबर भी शामिल रहे। 10 बडे टैंकर पानी लाया गया। ट्री एंबुलेंस ने दोपहर 1 बजे तक विद्याधर नगर की गलियों के पेड़ों की सार-संभाल की। साथ ही जयपुराइट्स को ग्रीनरी लाने और श्रमदान करते हुए साफ-सफाई रखने का मैसेज दिया। इस काम में हर उम्र के लोग शामिल रहे, जिन्होंने श्रमदान किया।



त्याग ही वह शक्ति है, जो हृदय पर विजय पा सकती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाज को बनाया निशाना

# हूतियों के मिसाइल अटैक में 3 नाविकों की मौत



**एजेंसी** | सना

अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर हूतियों के मिसाइल हमले में तीन नाविकों की मौत हो गई। वहीं इस हमले में चार अन्य घायल भी हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में ब्रिटेन और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले यह जानकारी दी गई है। गाजा पर इस्राइल के आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक पर व्यापारिक जहाज पर हमले में कोई हताहत हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

### लाइबेरिया के जहाज पर हुआ हमला

अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने 'एक्स' पर लिखा, हूती आतंकवादियों की ओर से बुधवार को करीब साढ़े 11 बजे (स्थानीय समय) एक एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल (एएसबीएम) बारबाडोस के झंडे और लाइबेरिया के स्वामित्व वाले जहाज की ओर दागी गई। मिसाइल जहाज पर गिरी। इससे बहुराष्ट्रीय चालक दल के तीन लोगों की मौत हुई। कम से चार लोगों के घायल होने की खबर है। जिसमें तीन की स्थिति गंभीर है। जहाज को क्षति पहुंची है। सेंटकॉम ने कहा, चालक दल ने जहाज को छोड़ दिया और सहयोगी युद्धपोत (हूती विद्रोहियों को) जवाब दे रहे हैं व स्थिति का आकलन कर रहे हैं। पिछले दो दिन में हूतियों के द्वारा दागी गई यह दूसरी एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइल है।

**ब्रिटेन ने कहा...**

### हमें हूती विद्रोहियों को रोकना होगा

इस बीच, ब्रिटेन के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, तीन निर्दोष नाविकों की मौत हो गई है। यह हूतियों की ओर से दागई गई मिसाइलों का परिणाम है। उन्हें रोकना होगा। ब्रिटेन ने कहा, मृतकों और घायलों के परिजनों के लिए हमारी गहरी संवेदना है। हूतियों के हमले से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। ईरान समर्थित संगठन पिछले साल नवंबर से वाणिज्यिक और सैन्य नौवहन को निशाना बना रहा है। हूतियों ने शुरू में कहा था कि वे गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सिर्फ इस्राइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाएंगे, लेकिन बाद में उसने अपने लक्ष्यों में ब्रिटेन और अमेरिका के जहाजों को भी शामिल कर लिया। बीते दिनों अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए थे।

### विदेश मंत्री बोले... बीजिंग समझौतों का उल्लंघन कर रहा चाइना

# 'चीन सीमा पर तनाव के लिए जिम्मेदार'

**एजेंसी** | टोक्यो

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि लिखित समझौतों का पालन नहीं हो रहा है, जिससे तनाव बढ़ रहा है। इससे दुनिया में बदलाव आ रहे हैं और पूरी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है। जयशंकर ने कहा कि 'यूरोप में संघर्ष हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों को लेकर एशिया में असहमति है। मध्य पूर्व में भी तनाव बढ़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक ताकत बढ़ी है और हम 11वीं से पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गए हैं, ऐसे में चीजें पहले जैसी नहीं रह सकतीं, लेकिन इस बदलाव से हालात बिगड़ने नहीं चाहिए।



### रूस को लेकर ये बोले विदेश मंत्री

जयशंकर ने रूस को लेकर अहम बात कही। उन्होंने कहा कि पहले रूस आर्थिक रूप से यूरोप को प्राथमिकता देता था, लेकिन अब उसकी सोच में बदलाव आया है और बदले समय में रूस अब एशिया पर फोकस कर रहा है। एशिया में रूस का निवेश और संसाधन बढ़े हैं और यह सहयोग लंबा चलेगा।

### गलवान घाटी में हुई थी हिंसक झड़प

उल्लेखनीय है कि 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख बॉर्डर पर भारत और चीन के सैनिकों में हिंसक झड़प हुई थी। गलवान घाटी में हुई इस हिंसा से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया और संघर्ष की आशंका पैदा हो गई थी। भारत सरकार की तरफ से पहले भी कहा गया है कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी, तब तक दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।

### पाक: आजादी के बाद पहली बार कोई सिख बना मंत्री, बोले...

# 'अल्पसंख्यकों के हक की आवाज बनूंगा'

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नई सरकार अस्तित्व में आ चुकी है। कैबिनेट के मंत्रियों ने भी शपथ ले ली। इस कैबिनेट में आजादी के बाद पहली बार कोई सिख नेता शामिल हुआ है। नाम सरदार रमेश सिंह अरोड़ा है। रमेश सिंह ने पंजाब की प्रांतीय सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली। 48 वर्षीय सरदार रमेश सिंह अरोड़ा पाकिस्तानी जिले नारोवाल से विधायक हैं। प्रांत में कैबिनेट का गठन नवनिर्वाचित पीएमएल-एन सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ के नेतृत्व में किया गया था। मरियम तीन बार के पूर्व प्रधान मंत्री नवाज शरीफ की बेटी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरदार रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि 1947 में विभाजन के बाद पहली बार किसी सिख को पंजाब प्रांत के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। मैं सिर्फ सिखों की ही नहीं बल्कि पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं और ईसाइयों सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भलाई के लिए काम करूंगा।








### 8 अप्रैल को ग्रहण के दौरान दिखाई देगा कोरोना

# आकाश से 'गायब' हो जाएगा सूर्य

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

साल 2024 की सबसे रोमांचक खगोलीय घटनाओं में एक पूर्ण सूर्य ग्रहण है। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण जब लगेगा तब दिन में भी रात जैसा नजारा हो जाएगा। 8 अप्रैल, 2024 को यह दुर्लभ खगोलीय घटना होगी। 2044 तक यूएस में होने वाली यह अपनी तरह की आखिरी घटना होगी। सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है। इससे चंद्रमा की परछाई बनती है जो पृथ्वी पर आती है। सूर्य ग्रहण के दौरान एक ऐसा समय आता है जब कुछ मिनटों के लिए चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह ढंक लेता है, जिसे समग्रता कहा जाता है। जब समग्रता होती है तो दर्शक इसे बिना चश्मे के भी देख सकते हैं, क्योंकि इस दौरान सूर्य बिल्कुल भी नहीं दिखता है। हालांकि एक्सपर्ट्स साफ चेतावनी देते हैं कि पूर्णता के अलावा किसी भी समय सूर्य को बिना सुरक्षित चश्मे के नहीं देखना चाहिए। हर सूर्य ग्रहण में समग्रता का एक पथ होता है। पथ से अलग बाकी जगहों पर यह सूर्य ग्रहण दिखाई देता है। समग्रता के दौरान एक बेहद दुर्लभ चीज देखने को मिलेगी। वह है सूर्य का कोरोना जो उसकी सबसे बाहरी लेयर है। सूर्य की तेज चमक के कारण हम इसे नहीं देख पाते हैं।



### क्या होता है कोरोना

नासा ने एक बयान में कहा कि कोरोना एक धुंधली सफेद प्रभा मंडल है जो अंधेरे सोलर डिस्क को घेरे रहेगी। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान ही इसे देखा जा सकेगा। यह अंतरिक्ष में लाखों किमी तक फैला हुआ है, जो सूर्य के वायुमंडल की सबसे बाहरी पर है। इस ग्रहण के दौरान समग्रता की घटना क्रोमोस्फीयर को भी दिखा सकती है। पूर्ण सूर्य ग्रहण पूरी दुनिया में नहीं दिखेगा। नासा के मुताबिक समग्रता का पथ मेक्सिको के तट से शुरू होगा और फिर अमेरिका में प्रवेश करेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl